२ – श्रीरामानन्दवेदान्तमालाया द्वितीयंपुष्पम् ।

वेदान्तपीठाधीशपण्डितसम्राट् स्वामिश्रीवैष्णवाचार्य

वेदान्ततीर्थप्रणीतम्

अर्थपञ्चकम्

अर्थप्रदीपिकासहितम्

श्री कोसलेन्द्रमठ
सं.
अहमदाबाद-१

प्रकाशकः-पण्डितसम्राट् स्वामी श्रीवैष्णवाचार्य

त्रणदेवड़ी--श्रीराममन्दिर

शारंगपुर दरवाजा बाहर-अहमदाबाद २

प्रथमावृत्ति	श्रीरामनवमी	मूल्यम्
१००० प्रति	सन् १९६३ई.	७५ नयेपैसे

Scanned by CamScanner

२ – श्रीरामानन्दवेदान्तमालाया द्वितीयं पुष्पम् ।

वेदान्तपीठाधीशपण्डितसम्राट् स्वामिश्रीवैष्णवाचार्य

वेदान्ततीर्थप्रणीतम्

अर्थपञ्चकम्

अर्थप्रदीपिकासहितम्

श्री बोधायन पुस्तकालय.
श्री कोसलेन्द्रमठ.
सं.
अहमदाबाद–७.

प्रकाशकः–पण्डितसम्राट् स्वामी श्रीवैष्णवाचार्य

त्रणदेवड़ी––श्रीराममन्दिर

शारंगपुर दरवाजा बाहर–अहमदावाद २

प्रथमावृत्ति	श्रीरामनवमी	मूल्यम्
१००० प्रति	सन् १९६३ई.	७५ नयेपैसे

पण्डितसम्राट्स्वामिश्रीवैष्णवाचार्यप्रणीतं

श्रीआनन्दभाष्यविजयाष्टकम् ।

रामानन्दार्यवर्येण सुप्रणितानि यानि हि ।
तानि चानन्दभाष्याणि विजयन्तेतरामिह ॥ १ ॥
राघवोपासनं प्रोक्तं येषु प्राणिविमुक्तये ।
तानि चानन्दभाष्याणि विजयन्तेतरामिह ॥ २ ॥
पूर्णब्रह्मतया येषु सीतानाथो निरूपितः ।
तानि चानन्दभाष्याणि विजयन्तेतरामिह ॥ ३ ॥
अर्चिरादिपथो येषु वर्णितो मुक्तिधामदः ।
तानि चानन्दभाष्याणि विजयन्तेतरामिह ॥ ४ ॥
विशिष्टाद्वैतसिद्धान्तः साधितो येषु सर्वथा ।
तानि चानन्दभाष्याणि विजयन्तेतरामिह ॥ ५ ॥
वादे विजयदातॄणि यानि वेदावलम्बिनाम् ।
तानि चानन्दभाष्याणि विजयन्तेतरामिह ॥ ३ ॥
यानि वेदमताब्जस्य भास्वद्भावं गतानि हि ।
तानि चानन्दभाष्याणि विजयन्तेतरामिह ॥ ७ ॥
श्रुतिभिर्युक्तिभिर्यानि सुतरां मण्डितानि हि ।
तानि चानन्दभाष्याणि विजयन्तेतरामिह ॥ ८ ॥
वैष्णवभाष्यकारश्रीवैष्णवाचार्यनिर्मितम् ।
अष्टकं भवतादेतत् सर्वकल्याणकारकम् ॥

आचार्यसार्वभौमश्रीपूर्णानन्दाचार्यप्रणीतं

श्री रामपञ्चकम्

पूर्णो दिव्यतनुः परो रघुपतिर्लोकेऽजडेऽप्राकृते
पूर्णो दाशरथिर्विकाररहितो लीलाविभूतावपि ।
यो वेदैकनिवेदितश्च सदसद्रूपः परब्रह्म स
श्रीरामो जगदाश्रयो भवतु मे त्राता जगद्व्यापकः ॥ १ ॥
सद्बीजं जगतो जगत्त्रयगुरुः कर्त्ता तथा रक्षकः
संहर्त्ता जगतीतनुर्हि जगतश्चात्मा विभुः सर्ववित् ।
निर्दोषो जगदीश्वरो गुणनिधिर्नित्योऽजडः सौख्यदः
श्रीरामो जगदाश्रयो भवतु मे त्राता जगद्व्यापकः ॥ २ ॥
सृष्टिः सज्जगतश्चराचरपतेर्यस्येक्षणाद् विश्रुता
भेदाभेदपरस्तथाश्रुतिगणो यत्रान्वितश्चास्तिसः ।
आनन्दैकनिधिः सुबद्धजलधिर्भिन्नश्चितश्चाचितः
श्रीरामो जगदाश्रयो भवतु मे त्राता जगद्व्यापकः ॥ ३ ॥
कारुण्याम्बुनिधिश्च यस्तनुभृतां प्राप्यस्तथा प्रापकः
सायुज्यं च ददाति यो हि निजया भक्त्या प्रपत्त्याऽथवा
सर्वेशः स परात्परश्च रहितो वैषम्यनैर्घृण्यतः
श्रीरामो जगदाश्रयो भवतु मे त्राता जगद्व्यापकः ॥ ४
जायन्ते मृतिमाप्नुवन्ति च पुनर्लब्ध्वा न यं प्राणिनो
यश्चोपेत्य भवेन्न वै तनुमतां लोके पुनर्जन्म सः ।
ब्रह्मेशानसुरेन्द्रवन्दितपदो भक्त्यैकलभ्यः प्रभुः
श्रीरामो जगदाश्रयो भवतु मे त्राता जगद्व्यापकः ॥ ५ ॥
चिदानन्दार्यशिष्यश्रीपूर्णानन्दार्यनिर्मितम् ।
श्रीरामपञ्चकं भूयात् सर्वश्रेयःप्रदं नृणाम् ॥

Scanned by CamScanner

श्रीरामानन्दपञ्चकम्

सन्मुक्तेः पथदर्शकं कुमतिहृत्प्रस्थानभाष्यैस्त्रिभिः
काषायाम्बरधारिणं वरतमैर्दण्डैस्त्रिभिर्मण्डितम् ।
योगीन्द्रैर्वसुधाधिपैश्च विबुधैः संसेवितं मुक्तिदं
रामानन्दजगद्गुरुं हितकरं वन्दे यतीनां पतिम् ।१॥

श्रीमद्भक्तिमहापयोनिधिसुधासिद्धौषधिस्वादकं
श्रीसीतारघुनाथभक्तिवरदं तापत्रयोन्मूलकम् ।
वेदानामथ वञ्चनाभयहरं वेदानुसन्धायकं
रामानन्दजगद्गुरुं हितकरं वन्दे यतीनां पतिम् ॥२॥

श्रौतस्मार्त्तवचःसमन्वितविशिष्टाद्वैतसिद्धान्तदं
पन्थानं परिपन्थिनां श्रुतिधिया रुद्ध्वा महानन्ददम् ।
संसारव्यसनापसारणमहायागे सदा दीक्षितं
रामानन्दजगद्गुरुं हितकरं वन्दे यतीनां पतिम् ॥३॥

वादे वैदिकवादिनं विजयिनं वादीभपञ्चाननं
सिद्धेन्द्रैः परिपूजितं सुखकरं सिद्धिप्रदं सात्त्विकम् ।
रामोपासनदायकं मुनिवरं रामावतारं विभुं
रामानन्दजगद्गुरुं हितकरं वन्दे यतीनां पतिम् ॥४॥

श्रीमद्वैष्णवधर्मवारिजरविं वैराग्यपाथोनिधिं
श्रीरामायणतत्त्वविच्छ्रुतिनुतश्रीराममंत्रप्रदम् ।
धर्माचार्यशिरोमणिं गुणनिधिं भक्तप्रियं धार्मिकं
रामानन्दजगद्गुरुं हितकरं वन्दे यतीनां पतिम् ॥ ५ ॥

वैष्णवभाष्यकारश्रीवैष्णवाचार्यनिर्मितम् ।
पञ्चकं भवतादेतत् सर्वकल्याणकारकम् ॥

Scanned by CamScanner

नमः परब्रह्मणे भगवते श्रीरामचन्द्राय ।
आनन्दभाष्यकाराय भगवते श्रीरामानन्दाचार्याय नमः ।

प्रस्तावना

इस ग्रन्थका नाम 'अर्थपञ्चक' है। इसका कारण यह है कि इसमें प्राप्य (परमात्मा) प्रापक (जीव) उपाय, फल (पुरुषार्थ) तथा विरोधी इन पाँच अर्थोंका वर्णन है। ये पाँचो अर्थ स्वज्ञानद्वारा वैष्णवताके प्रयोजक (उत्पादक) हैं। इसीलिये इसमें कहा गया है कि– 'मत्या पञ्च मताश्चार्था वैष्णवत्वप्रयोजकाः' ॥६॥ पराशरस्मृतिके उत्तरखण्डमें भी कहा है कि–'अर्थपञ्चकतत्त्वज्ञाः पञ्चसंस्कारसंस्कृताः । आकारत्रयसम्पन्ना महाभागवताः स्मृताः ॥" अर्थ पञ्चकके तत्त्वको जाननेवाले, पञ्चसंस्कारोंसे संस्कृत तथा आकारत्रयसे युक्त महानुभावोंको महाभागवत कहा गया है।

आनन्दभाष्यकार भगवान् श्रीरामानन्दाचार्यजी आचार्यसम्राट् ने ब्रह्मसूत्रोंके स्वरचित आनन्दभाष्यमें हारीतसंहिताका प्रमाण देते हुए अर्थपञ्चकके विषयमें कहा है कि––"तथा चात्र–प्राप्यस्य ब्रह्मणो रूपं प्राप्तुश्च प्रत्यगात्मनः। प्राप्त्युपायं फलं प्राप्तेस्तथा प्राप्तिविरोधिनः ॥ वदन्ति सकला वेदाः सेतिहासपुराणकाः । मुनयश्च महात्मानो वेदवेदान्तदर्शिनः ॥" आनन्दभाष्य १।१।४। (प्राप्य वस्तु ब्रह्मका स्वरूप, प्राप्तहोनेवाले जीवात्माका स्वरूप, प्राप्तिका उपाय, फल और प्राप्तिके विरोधी इस अर्थपञ्चकका ज्ञान करलेना परमावश्यक है। इन पाँचो अर्थोंको समस्त इतिहास

Scanned by CamScanner

और पुराणोंके साथ वेद कहते हैं। वेद और वेदान्तके जाननेवाले मुनि और महात्मा भी यह निश्चय करते हैं।

भगवान् आनन्दभाष्यकारजीने श्रीवैष्णवमताब्जभास्करमें रहस्य-त्रयप्रकरणके प्रथम रहस्यमें भी कहा है कि—"बीजेनैवास्य जीवस्य स्वरूपं प्रतिपाद्यते। रामायेति परस्यापि चतुर्थ्या तत्फलस्य च ॥१९॥ उपास्य त्वखण्डेन नमःशब्देन चोच्यते। सखण्डे तु मकारेण षष्ठ्यन्तेन विरोधिनः ॥२०॥ (मन्त्रराजके बीज(रां) से जीवका, रामाय-पदसे परतत्त्व श्रीरामजीका, चतुर्थीविभक्ति (ङे.—आय) से उसके फलका स्वरूप प्रतिपादित होता है ।१९॥ अखण्ड नमःपदसे उपायका और षष्ठीविभक्त्यन्त मपदसे विरोधीअर्थके स्वरूपका प्रतिपादन होता है ॥२०॥)

श्रीअग्रद्वारपीठ-संस्थापक जगद्गुरु श्रीअग्रदेवाचार्यजीने रहस्य-त्रयमें अर्थपञ्चकशब्द न कहते हुए भी उक्त पाँचो अर्थोंका प्रतिपादन सुन्दर रीतिसे किया है।

श्रीटीलाद्वारपीठ-संस्थापक जगद्गुरु श्रीटीलाचार्यजीने भी शिक्षा-सुधामें कहा है कि—"प्राप्ता प्राप्य उपाय अरु फल विरोधि शरमान। 'टीला' भाषत वेद सब मुनि इतिहास पुरान" ॥२९८॥

श्रीकूवाद्वारापीठ-संस्थापक जगद्गुरु श्रीकूवाचार्यजी (श्रीकेवलरामाचार्यजी) ने भी श्रीप्रबोधरत्नमञ्जूषामें कहा कि—"निजस्वरूप पररूप फलरूप उपाय विरोधिहीं। मन्त्र अर्थ मँह जानि पुनि हिंसा आदि विकारहीं" ॥७॥ तथा "श्रुति इतिहास पुराण मुनि 'केवल' निश्चित

Scanned by CamScanner

कीन्ह । पञ्च अर्थ इन्ह, मंत्र महं, सोइ गुरु शिष्यहिं दीन्ह" ॥८॥

जगद्गुरु श्रीमङ्गलाचार्यजीने भी श्रीमङ्गलकवितावलीके अन्तमें उक्त पाँचो अर्थोंका पाँच कवित्तोंमें बहुत सुन्दररीतिसे वर्णन किया है।

श्रीमणिरामजीकी छावनीके भगवत् भागवतसेवापरायण श्रद्धेय महान्त श्रीरामशोभादासजी माहराज श्रीवैष्णवभूषणने श्रीहनुमत्संहितामें वर्णित अर्थपञ्चकको छपवाकर श्रीवैष्णवोंमें वितरण कर श्रीसम्प्रदायका (श्रीरामानन्दसम्प्रदायका) महान् उपकार किया है।

अनेको श्रीवैष्णवोसे मुझे प्रेरणा मिली कि अर्थपञ्चकका विसद वर्णन होना चाहिये। तदनुसार मैं इस अर्थपञ्चक नामक रहस्य-ग्रन्थकी रचनामें प्रवृत्त हुआ। अच्छा या बुरा जैसा मुझसे बना भगवान् श्रीसीतारामजी तथा श्रीवैष्णवोंकी कृपासे यथाशक्ति इस 'अर्थपञ्चक' को बनाकर श्रीवैष्णव महानुभावोंकी सेवामें उपस्थित करता हूँ। आशा है कि वे अपनी ही वस्तु समझकर इसे अपनावेंगे।

अर्थपञ्चकमें श्रीसम्प्रदायके समस्त प्रमेय संक्षिप्तरूपमें वर्णित हैं। इस प्रबन्धमें पाँचो अर्थोंका निरूपण पञ्च परिच्छेदोमें विभक्त किया गया है। प्रत्येक परिच्छेदके आरम्भमें पाँच श्लोको द्वारा उस परिच्छेदमें वर्णित अर्थका सामान्यलक्षण कह कर उसके पाँच भेद बतलाये गये हैं। अनन्तर क्रमशः उसके विभक्तरूपोंके वर्णन किये गये हैं। विभक्त अर्थोंके वर्णन भी पाँच पाँच श्लोंको द्वारा ही किये गये हैं। यह इस ग्रन्थकी विशेषता है। सर्वसाधारणके बोधके लिये 'अर्थप्रदीपिका' नामक हिन्दी व्याख्या भी

Scanned by CamScanner

साथमें संयुक्तकी गई है। वह सूक्ष्म होती हुई भी मूलार्थको स्फुट-रूपसे अवबोधित करनेवाली है।

अर्थपञ्चके प्रथम परिच्छेदमें आत्माका, द्वितीय परिच्छेदमें परमात्माका, तृतीय परिच्छेदमें उपायका, चतुर्थ परिच्छेदमें पुरुषार्थ अर्थात् फलका और पञ्चम परिच्छेदमें विरोधीरूप अर्थका वर्णन किया गया है।

तृतीय परिच्छेदमें भक्तिके वर्णनमें भक्तिके सप्तसाधनोंका प्रसङ्ग आया है। उन सप्तसाधनोंका निरूपण भगवान् श्रीपुरुषोत्तमाचार्यजी बोधायनने स्वरचित विशाल बोधायनवृत्तिमें किया है। जो साधन-सप्तकके नामसे प्रसिद्ध है। वर्तमान समयमें श्रीबोधायनवृत्तिके अप्राप्य होने पर भी हमारे सद्भाग्यसे वह यत्र तत्र ग्रन्थोमें उपलब्ध है। श्रीबोधायनजीके योग्य शिष्य जगदगुरु श्रीगङ्गाधराचार्यजीने सप्तसाधनोंको श्लोकोमें संगृहीत किया है। वह संग्रह 'साधनदीपिका' नामसे प्रसिद्ध है। साधनजिज्ञासुओंकी सुविधाके लिये सानुवाद साधनदीपिकाको भी साथमें प्रकाशित कर रहा हूँ। शुद्धिपत्रको देखकर ग्रन्थको शुद्ध कर हो पढें। जिससे अथका अनर्थ न हो, यह पाठकवृन्दसे मेरी प्राथना है। मोटामन्दिर—पालनपुरके उदार तथा विद्वान् महान्त पं० श्रीकपिलदेवाचार्यजी व्याकरणतीर्थने इस ग्रन्थके छपानेमें २००) दोसौ रूपये सहायता के लिये दिये हैं। तदर्थ कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद। श्रीरामनवमी सन् १९६३ ई०

निवेदक—स्वामी श्रीवैष्णवाचार्य वेदान्तपीठाधीश

त्रणदेरी—राममन्दिर। शारंगपुर दरवाजा बाहर

अहमदाबाद—२

Scanned by CamScanner

श्रीसम्प्रदायके परमाराध्य सर्वेश्वर श्रीसीतारामजी
तथा
आनन्दभाष्यकार भगवान् श्रीरामानन्दाचार्यजी महाराज
आचार्यसम्राट् ।

Scanned by CamScanner

उपनिषद्भाष्यकार पण्डितसम्राट्
स्वामी श्रीवैष्णवाचार्य वेदान्तपीठाधीश ।

Scanned by CamScanner

परिपूर्णतमब्रह्मणे भगवते श्रीरामाय नमः ।
आनन्दभाष्यकारश्रीरामानन्दाचार्याय नमः ।
वेदान्तपीठाधीशपण्डितसम्राट्स्वामिश्रीवैष्णवाचार्य-
वेदान्ततीर्थप्रणीतम्

अर्थपञ्चकम्

मुक्तिदं जगतो मूलं निमित्तं च परेश्वरम् ।
दिव्यदेहं गुणाम्भोधिं वन्दे रामं जगद्गुरुम् ॥ १ ॥
नत्वा रामं च सीतां च मारुतिं च महाबलम् ।
व्यासबोधायनौ वन्दे सूत्रवृत्तिविधायिनौ ॥ २ ॥

श्रीसीतारामाभ्यां नमः ।

पण्डितसम्राट्स्वामिश्रीवैष्णवाचार्यप्रणीता

अर्थप्रदीपिका

रामं सीतां हनूमन्तं व्यासं बोधायनं तथा ।
आनन्दभाष्यकृद्रामानन्दाचार्यं यतीश्वरम् ॥ १ ॥
टीलाचार्यं च नत्वाऽहं मङ्गलार्यं गुरुं तथा ।
अर्थपञ्चकबोधाय करोम्यर्थप्रदीपिकाम् ॥ २ ॥

मुक्ति देनेवाले जगत् के उपादान और निमित्तकारण परमेश्वर दिव्य देहवाले तथा गुणोंके समुद्र जगद्गुरु भगवान् श्रीराम जी का मैं वन्दन करता हूँ ॥ १ ॥

भगवान् श्रीराम जी जगज्जननी श्रीसीता जी तथा महावली श्रीहनुमान् जी को नमस्कार कर ब्रह्मसूत्रकार भगवान् श्रीव्यास

आनन्दभाष्यकृद्रामानन्दाचार्यं जगद्गुरुम् ।
टीलाचार्यं च वन्देऽहं मङ्गलार्यं तथैव च ॥ ३ ॥
श्रीमद्रामसमारम्भां रामानन्दार्यमध्यमाम् ।
अस्मदाचार्यपर्यन्तां वन्दे गुरुपरम्पराम् ॥ ४ ॥
गुरुदेवं नमस्कृत्य पूजार्हं करुणार्णवम् ।
सुखेनार्थावबोधाय रचयाम्यर्थपञ्चकम् ॥ ५ ॥
अर्थपञ्चकविज्ञानं मुक्तये मुक्तिकामिनाम् ।
पञ्चधाभिमताश्चार्था वैष्णवत्वप्रयोजकाः ॥ ६ ॥
आत्मा च परमात्मा चोपायः फलविरोधिनौ ।
प्रत्येकं पञ्चधा चैते ह्यर्था वेदान्तिभिर्मताः ॥ ७ ॥

जी और बोधायनवृत्तिकार महर्षि श्रीबोधायन जी (श्रीपुरुषोत्तमाचार्य जी) का मैं वन्दन करता हूँ ॥ २ ॥

आनन्दभाष्यकार जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्य जी जगद्गुरु श्रीटीलाचार्य जी (श्रीसाकेतनिवासाचार्य) तथा जगद्गुरु श्रीमङ्गलाचार्य जी का मैं वन्दन करता हूँ ॥ ३ ॥

श्रीमद् राम जी से प्रारम्भ हुई मध्य में श्रीरामानन्दाचार्य जी से विभूषित मेरे गुरुदेव तक की गुरुपरम्परा का मैं वन्दन करता हूँ ॥४॥

पूजा करने योग्य करुणासिन्धु श्रीगुरुदेवको नमस्कार करके सुखसे अर्थबोध होने के लिये मैं अर्थपञ्चककी रचना करता हूँ ॥ ५ ॥

अर्थपञ्चक के ज्ञानसे मुमुक्षुओं को मुक्ति मिलती है । वैष्णवत्व-के विधायक अर्थ पाँच प्रकारके माने गये हैं ॥ ६ ॥

आत्मा (प्रापक) परमात्मा (प्राप्य) उपाय, फल और विरोधी

आत्मरूपार्थः ॥१॥

शेषा देहाश्च रामस्य देहादिभ्यो विलक्षणाः ।
कर्त्तारश्चाथ भोक्तारो नित्या रामवशं गता ॥ १ ॥
चेतनास्तत्र चात्मानो पञ्चधा चाणवश्चिदः ।
नित्या मुक्तास्तथा बद्धाः केवलाश्च मुमुक्षवः ॥ २ ॥
सुखी दुःखीति भेदेन जीवा भिन्ना मिथो मताः ।
स्वातन्त्र्यपारतन्त्र्याभ्यां नैकता ब्रह्मजीवयोः ॥ ३ ॥
परान्तर्यामिणोरैक्यं ब्रूते तत्त्वमसीति हि ।

ये ही पाँच अर्थ हैं । वेदान्ती महानुभावों ने इन पाँचो अर्थोंमें एक एक के पाँच पाँच भेद माने हैं ॥ ७ ॥

१-प्रथम अर्थ आत्मा

अब प्रथम अर्थ आत्मा का वर्णन किया जाता है । सभी जीव श्रीराम जी के शेष (चन्दनकुसुमादिवत् यथेष्ट विनियोग के योग्य) और देह हैं । अर्थात् अपृथक्सिद्धि सम्बन्धसे नियाम्य और धार्य द्रव्य हैं। देह, इन्द्रिय, प्राण और बुद्धि से विलक्षण हैं। कर्त्ता, भोक्ता, नित्य (उत्पत्तिविनाशरहित) श्रीरामपरतन्त्र, चेतन (ज्ञाता) अणु तथा ज्ञानरूप है । जीवात्मा पांच प्रकार के हैं— नित्य, मुक्त, बद्ध, केवल और मुमुक्षु ॥ १ ॥ २ ॥

एक ही काल में कुछ सुखी हैं और कुछ दुखी हैं अतः सभी जीव एक दूसरे से भिन्न माने गये हैं । ब्रह्म (ईश्वर) सदा स्वतन्त्र है और जीव सदा परतन्त्र है । अतः ब्रह्म और जीव की एकता नहीं है ॥ ३ ॥

अविद्याश्रयणासिद्धेर्ब्रह्मणो नैव जीवता ॥ ४ ॥

'तत्त्वमसि' यह वेदवाक्य परब्रह्म और अन्तर्यामी ब्रह्म की एकता को कहता है। ब्रह्म और जीवकी एकताको नहीं कहता है। अविद्याके आश्रयत्वकी सिद्धिके न होनेसे ब्रह्मकी जीवता भी सिद्ध नहीं होती है। अर्थात् कुछ लोग कहते हैं कि "अविद्याका आश्रय होनेसे भ्रम होनेसे ब्रह्म ही जीव बन जाता है।" परन्तु उनका यह कथन ठीक नहीं है। क्योंकि अविद्याका आश्रय सिद्ध ही नहीं हो सकता है। आनन्दभाष्यकार भगवान् श्री रामानन्दाचार्य जी ने गीताके आनन्दभाष्यमें कहा है कि—

"भ्रमजनयित्र्या अविद्याया आश्रयः कः ? न तावज्जीवोऽस्या आश्रयोऽन्योन्याश्रयात्। ब्रह्म तु ज्ञानबाध्याविद्याविरोधि स्वयम्प्रकाशज्ञानरूपत्वादिति न तदाश्रयः। ज्ञानस्वरूपमपि ब्रह्माविद्याश्रयश्चेन्न सा ज्ञानबाध्या। स्वरूपादतिरिक्तं स्वरूपविषयकं ज्ञानमेवाविद्याविरोधि न स्वरूपभूत ज्ञानमिति वक्तुमशक्यम्, जडत्वप्रसाङ्गादनुभूतिस्वरूपस्य ब्रह्मणोऽद्वैतिनां मतेऽनुभूत्यन्तरविषयत्वानङ्गीकारात्। प्रपञ्चमिथ्यात्वज्ञानन्त्वतद्विषयकत्वेन ब्रह्मयाथात्म्याज्ञानस्यापि न बिरोधि किन्तु प्रपञ्चसत्यत्वज्ञानस्यैव ज्ञानाज्ञानयोरेकविषयतयैव विरोधस्य सर्वसम्मतत्वात्। (गीताया आ० भा० २।१२)

अर्थ— भगवान् आनन्दभाष्यकार कहते हैं कि—भ्रम उत्पन्न करनेवाली अविद्याका आश्रय कौन है ? जीव अथवा ब्रह्म ? जीव को अविद्याका आश्रय नहीं मान सकते हैं, क्योंकि ऐसा माननेमें अन्योन्याश्रय दोष लगता है। तात्पर्य यह है कि यदि अविद्याको

आश्रय मिले तो जीव बने और जीव हो तो अविद्या को आश्रय मिले। इसलिए परस्पर अपेक्षित होने से यहाँ पर अन्योन्याश्रय दोष लगता है। अन्योन्याश्रय दोष लगनेसे जीवको अविद्याका आश्रय नहीं मान सकते हैं।

यदि कहा जाय कि "अविद्याका आश्रय ब्रह्म है"। तो भी ठीक नहीं क्योंकि ब्रह्म तो स्वयम्प्रकाश ज्ञानरूप है अतः अविद्याका बाधक है और अविद्या ज्ञानसे बाध्य पदार्थ है। बाधक कभी भी बाध्यका आश्रय नहीं हो सकता है। यदि हठात् ज्ञानस्वरूपब्रह्मको अविद्याका आश्रय माना जाय तो फिर अविद्या ज्ञानसे बाधित न होगी। तब अविद्याका नाश न होनेसे मुक्ति न होगी।

यदि कहा जाय कि "स्वरूपसे अतिरिक्त स्वरूपविषयक धर्मभूतज्ञान ही अविद्याका विरोधी है स्वरूपभूत ज्ञान नहीं।" परन्तु अद्वैती लोग ऐसा मान नहीं सकते हैं क्योंकि ऐसा मानने पर ब्रह्मके जड़ होने का प्रसङ्ग प्राप्त होता है। क्योंकि अद्वैती लोगों के मतमें अनुभूतिरूप ब्रह्मको अन्य अनुभूतिका विषय नहीं स्वीकार किया गया है। तब अविद्याका नाश कैसे होगा?

प्रपञ्चमिथ्यात्वका ज्ञान भी अविद्या (ब्रह्माज्ञान) का विरोधी नहीं कहा जा सकता है। क्योंकि प्रपञ्चमिथ्यात्वज्ञान प्रपञ्चसत्यत्वज्ञान का ही विरोधी है वह ब्रह्माज्ञानरूप अविद्या का विरोधी नहीं हो सकता है। क्योंकि एक विषयक होने से ही ज्ञान और अज्ञान का विरोध सर्वसम्मत है। जैसे 'घटवाला भूतल है' यह ज्ञान 'भूतल घटाभाववाला है" इस ज्ञान का विरोधी है।

नित्यत्वाच्च जीवानां ब्रह्मणो व्यापकत्वतः।
जीवानां प्रतिबिम्बत्वं कथञ्चिन्नैव सिध्यति ॥ ५ ॥

इसलिये अविद्या का आश्रय न जीव है और न ब्रह्म है। इसलिए अविद्याके आश्रयके सिद्ध न होनेसे 'ब्रह्म ही जीव है' यह कथन मिथ्या है ॥ ४ ॥

'अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो' इत्यादि शास्त्रके प्रमाणसे जीव नित्य पदार्थ माना जाता है। नित्य (उत्पत्तिविनाशरहित) होनेसे जीव प्रतिबिम्ब नहीं हो सकता है क्योंकि प्रतिबिंब अनित्य होता है। जल दर्पण इत्यादि उपाधियोंके नष्ट होने पर वह नष्ट हो जाता है। दूसरी बात यह है कि ब्रह्म व्यापक पदार्थ है वह सब जगह रहता है। कोई भी स्थल नहीं है जहाँ ब्रह्म न हो। जहाँ पर चन्द्रादि बिंब नहीं होते हैं ऐसे बिंबके सन्मुख स्थल में जल दर्पणादि उपाधि के होने पर उनमें उनका प्रतिबिम्ब पड़ता है। ब्रह्म—स्थलसे अतिरिक्त कोई स्थल ही नहीं है तो अविद्यारूप उपाधि कहाँ पर रहेगी जो उसमें प्रतिबिंब पड़ेगा? इसलिये ब्रह्मके व्यापक होनेसे किसी भी प्रकारसे उसका प्रतिबिंब आत्मा नहीं हो सकता है। इसी प्रकार गोल चतुष्कोण अथवा त्रिकोण आदि आकार से तथा शुक्ल नील आदि रूपसे युक्त पदार्थका प्रतिबिंब जल दर्पण आदि में पड़ता है। इसीलिये आकार और रूपहीन पवनका प्रतिबिंब नहीं पड़ता है। इसलिये अद्वैतवादियों के माने हुए निराकार और रूपविहीन ब्रह्मका प्रतिबिंब आत्मा नहीं हो सकता है ॥ ५ ॥

१–नित्याः

तत्र नित्यास्तु नित्यं हि रामकैङ्कर्यतत्पराः ।
श्रीरामस्यानुकूलाश्च प्रातिकूल्येन वर्जिताः ॥ ६ ॥
दैवहीनाश्च सर्वज्ञाः स्वेच्छावतारशालिनः ।
अद्भुतशक्तियुक्ताश्च करुणावरुणालयाः ॥ ७ ॥
शिक्षका भगवद्भक्तेर्भक्तानामभिरक्षकाः ।
सदा संसारहीनाश्च श्रीमद्वातात्मजादयः ॥ ८ ॥
दिव्ये स्वभासुरे लोके साकेताख्ये परात्परे ।
दिव्यै रत्नकिरीटाद्यैरलङ्कारैरलङ्कृतौ ॥ ९ ॥

१–नित्यमुक्त जीव

अब पाँच प्रकारके जीवों में से प्रथम नित्य जीवोंका वर्णन किया जाता है– उक्त जीवोंमें नित्य जीव (नित्यमुक्त जीव) नित्य ही भगवान् श्रीरामजीके कैङ्कर्यमें रत रहते हैं। वे सदैव श्रीराम-जी की अनूकूलतासे युक्त और प्रतिकूलतासे रहित होते हैं ॥ ६ ॥

नित्य आत्मा प्रारब्धकर्मरहित, सर्वज्ञ, स्वेच्छासे अव-तार धारण करनेवाले, अद्भुतशक्तिसे युक्त और करुणाके सागर होते हैं ॥ ७ ॥

श्रीहनुमान् जी इत्यादि नित्यमुक्त जीव हैं। वे सदा भगवद्भ-क्तिके शिक्षक, भक्तोंके अभिरक्षक और संसारावस्थासे विहीन हैं ॥८॥

वे नित्य जीव सर्वसे पर अप्राकृत तथा स्वयंप्रकाश साकेत-नामक लोकमें दिव्य रत्नकिरीटादि अलङ्कारों से अलंकृत परा-त्पर ब्रह्म भगवान् श्रीसीताराम जी का सर्वदा अनुभव करते हैं, दिव्य

Scanned by CamScanner

सर्वदाऽनुभवन्ति श्रीसीतारामौ परात्परौ ।
यजन्ति दिव्यपुष्पाद्यैः स्तुवन्ति प्रणमन्ति च ॥ १० ॥

२– मुक्ताः

यं विना न गतिस्तं हि सद्गुरुं सम्प्रपद्य च ।
गृहीत्वा वैष्णवं धर्मं सत्याहिंसादिभूषितम् ॥ ११ ॥
सेवित्वा च गुरुं श्रीमद्रामपादौ प्रपद्य च ।
गुरोश्च मन्त्रमादाय तारकं भवतारकम् ॥ १२ ॥
राममन्त्रं हि सञ्जप्य सम्पूज्य राघवं तथा ।
रामं प्रसाद्य देहं च समुत्सृज्यार्चिरादिना ॥ १३ ॥
श्रीसाकेतं च सम्प्राप्य रामानुभवशालिनः ।
परमानन्दमापन्ना जरामरणवर्जिताः ॥ १४ ॥

पुष्प इत्यादिकोंसे उनका अर्चन करते हैं, स्तवन करते हैं और प्रणाम करते हैं ॥९॥१०॥

२– मुक्त जीव

जिनके बिना गति नहीं होती है उन सद्गुरुकी शरणमें जाकर, सत्य अहिंसा आदिसे विभूषित वैष्णवधर्मको ग्रहण कर के, श्रीगुरुदेवकी सेवा करके, भगवान् श्रीराम जी के चरणारविन्दों की प्रपत्तिको ग्रहण करके, गुरुदेवसे भवसे तारनेवाले तारक (श्रीराममन्त्र) को लेकर, श्रीराममन्त्रका जप करके तथा श्रीराम जी का पूजन करके, भगवान् श्रीराम जी को प्रसन्न करके, स्थूल देहको छोड़कर तथा अर्चिरादिपथसे श्रीसाकेतलोकको प्राप्त होकर जो जीव श्रीरामजी के अनुभव करनेवाले, परमानन्दसे युक्त, जरामरणसे रहित, श्रीरामजी के साथ भोगमात्र में समता

Scanned by CamScanner

भोगसाम्यं गता मुक्ता रामाराधनतत्पराः ।
जगज्जन्माद्यकर्त्तारो रामस्तवपरायणाः ॥ १५ ॥

३– बद्धाः

पापिनः पुण्यवन्तो वा ज्ञानसङ्कोचशालिनः ।
भगवद्विमुखा जीवा बद्धा वेदान्तिभिर्मताः ॥ १६ ॥
मायाच्छादितरूपाश्च देहे स्वात्माभिमानिनः ।
परदारापहर्त्तारः परद्रव्यापहारकाः ॥ १७ ॥
असेव्यसेवकाश्चाथ हिंसका धर्मघातकाः ।
शब्दादिविषयासक्ता निमग्ना दुःखसागरे ॥ १८ ॥
मन्यन्ते पुरुषार्थं ते देहपोषणमेव हि ।

को प्राप्त सर्वदा श्रीरामाराधन में तत्पर और सदा श्रीरामस्तवपरायण होते हैं वे मुक्त जीव हैं। यह अच्छी प्रकार से ध्यान में रखना चाहिये कि मुक्त जीव जगत् के सृष्टि आदि व्यापार से वर्जित होते हैं ॥ ११ ॥ १२ ॥ १३ ॥ १४ ॥ १५ ॥

३–बद्ध जीव ।

पापी, पुण्यवान्, तथा ज्ञानसंकोचशाली भगवद्विमुख जीवोंको वेदान्तियोंने बद्धजीव माना है ॥ १६ ॥

बद्ध जीव मायासे आच्छादित (ढँके) स्वरूप वाले होते हैं। वे देहात्माभिमानी होते हैं अर्थात् वे लोग मानते हैं कि देह ही आत्मा है। वे लोग परस्त्री तथा परद्रव्यका अपहरण करनेवाले होते हैं ॥१७॥

बद्ध जीव असेव्योंकी सेवा करनेवाले, हिंसक, धर्म वघातक शब्दरसादि विषयों में आसक्त और दुःखसागरमें डूबे रहते हैं ॥१८॥

अर्थकामपरास्ते च तेभ्योऽन्ये विविधाश्च ते ॥ १९ ॥
आकीटब्रह्मपर्यन्ता स्वकर्मफलभोगिनः ।
ईश्वरेणाधिकारेषु ब्रह्मादयो नियोजिता ॥ २० ॥

४- केवल :

संसारतापसन्तप्तस्तापनाशाय शास्त्रतः ।
प्रकृतेर्हेयतां ज्ञात्वा चात्मनः सुखरूपताम् ॥ २१ ॥
ज्ञानयोगफलं चात्मानुभव इति निश्चितः ।
अविज्ञायात्मशेषत्वं परात्मनश्च शेषिताम् ॥ २२ ॥
अनुपास्य तथा रामं नित्यानन्दमहार्णवम् ।

जो बद्ध जीव देहके पोषण करने को ही पुरुषार्थ मानते हैं। बुमुक्षु जीवोंमें वे अर्थकामपरायण कहे जाते हैं। उनसे अतिरिक्त बद्ध जीव भी बहुत प्रकारके है। वे धर्मपरायण कहे जाते हैं। वे लोग यज्ञ दान तप तथा तीर्थयात्रा रूप धर्म में निष्ठावाले होते हैं। धर्मपरायण जीव दो प्रकार के हैं—देवतान्तरपरायण और भगवत्-परायण ॥१९॥

अत्यन्तसूक्ष्म कीट से लेकर ब्रह्माजी तक के जीव अपने किये हुए कर्मोंको भोगनेवाले हैं। ईश्वरने ब्रह्मादिकों को अधिकारों में नियुक्त किया है। इसीलिये वे आधिकारिक कहे जाते है ॥२० ॥

४-केवलनामक जीव

केवल जीव उसे कहते है। जो संसारतापसे संतप्त होकर ताप-नाशके लिये शास्त्रसे प्रकृतितत्त्वकी त्याज्यता और आत्मतत्त्व की सुखरूपताको जानकर "ज्ञानयोगका फल आत्मानुभव है" इसप्रकारके

Scanned by CamScanner

हारकं सर्वदुःखानां परमानन्ददायकम् ॥ २३ ॥
प्राकृतां च तनुं त्यक्त्वा गत्वेतश्चार्चिरादिना ।
नित्यलोकैकदेशे हि स्वात्ममात्रानुभूतिमान् ॥ २४ ॥
स्वरक्तलिट्श्‍शुना तुल्यस्तृप्तः स्वेनैव केवलः ।
ईशानुभवशून्यश्च कान्तेव कान्तवर्जिता ॥ २५ ॥

निश्चयवाला होता है। परन्तु अपनी भगवत्‌शेषता और परमात्माकी शेषिता को न जानने से नित्यानन्दके महासागर, सर्वदुःखोंके हरण-करनेवाले और परमानन्ददायक भगवान् श्रीरामजी की उपासना करके प्राकृत स्थूल शरीरको छोड़कर इस जगत्‌से अर्चिरादिमार्गसे जाकर नित्यधामके एक कोने में केवल आत्ममात्रका अनुभववाला होता है। वह सूखे हाड़को चबानेवाले अपने ही खूनको चाटनेवाले कुत्तेके समान अपनेसे ही तृप्त रहता है। जैसे कान्तसुखसे वर्जित कान्ता होती है उसी प्रकार ईश्वरानुभवसे रहित वह केवलजीव होता है। आनन्दभाष्यकार भगवान् श्रीरामानन्दाचार्यजीने श्रीवैष्णवमताब्ज भास्कर में केवल संज्ञक जीवोंका उल्लेख किया है कि—

"भागवता केवलाश्च कादाचित्का अपि द्विधा।"

अर्थ—भागवत और केवलके भेदसे कादाचित्क मुक्त भी दो प्रकारके होते हैं।

आचार्यपादने आगे चलकर केवलनामक कादचित्क मुक्तोंके भी दो भेद कहे हैं कि—

"द्विविधाः केवला बोध्या दुःखःभावैकतत्पराः।

Scanned by CamScanner

५- मुमुक्षवः

परीक्ष्य लोकानित्यादिवाक्येन वैदिकेन हि ।
वैराग्यं जायते पुंसां कर्मापादितलोकतः ॥ २६ ॥
संसारमोचनेच्छा या भगवत्प्राप्तये ततः ।
सा मुमुक्षा, विना तस्या ईशो मोक्षं ददाति न ॥ २७ ॥
मुमुक्षया विशिष्टा हि प्राणिनश्च मुमुक्षवः ।
भक्तः प्रपन्न इत्यादिभेदैस्ते विविधा मताः ॥ २८ ॥
ब्रह्मणः परिपूर्णस्य रामस्य मोक्षदायिनः ।
जिज्ञासवः सदाचार्यं वैष्णवं शरणं गताः ॥ २९ ॥

आत्मानुभूतिपरमा इति चोक्ता महर्षिभिः ॥

अथ—महर्षियों ने केवल जीव भी दो प्रकार के कहे है -एक दुःख-भावनैकपरायण अर्थात् आत्मव्यतिरिक्त पदार्थोंको दुःख रूप समझने वाले दूसरे आत्मानुभूतिपरायण ॥२१॥२२॥२३॥२४॥२५॥

५- मुमुक्षुजीव

"परीक्ष्यलोकान् कर्मचितान् ब्राह्मणो निर्वेदमायान्नास्त्यकृतः कृतेन (मुण्डकोप०) अथ—ब्रह्मजिज्ञासु ब्राह्मणको कर्मद्वारा उपार्जित लोकों की परीक्षा करके वैराग्य प्राप्त करना चाहिये कि कृतसे अर्थात् कर्म से अकृत अर्थात् नित्य परमात्मप्राप्ति नहीं हो सकती है। इस वेद-वाक्य के द्वारा पुरुषोंको कर्मद्वारा सम्पादित स्वर्गादि लोकोंसे वैराग्य उत्पन्न होता है। क्योंकि वे अनित्य हैं ॥२६॥

उस वैराग्य से भगवत्प्राप्तिके लिए संसारसे मुक्त होनेकी जो इच्छा उत्पन्न होती है उसे 'मुमुक्षा' कहते हैं। सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान्

Scanned by CamScanner

दीक्षिता मन्त्रराजेन रामाराधनतत्पराः ।
कामक्रोधादिशून्याश्च सत्याहिंसापरायणाः ॥ ३० ॥

इत्युपनिषद्भाष्यकारपण्डितसम्राट्स्वामिश्रीवैष्णवाचार्यवेदान्ततीर्थ प्रणीतेऽर्थपञ्चक आत्मरूपार्थनिरूपणात्मकः प्रथमः परिच्छेदः ॥ १ ॥

और करुणासागर होने पर भी भगवान् उस मुमुक्षाके न होने से ही प्राणियोंको मुक्ति नहीं देते हैं ॥२७॥

उक्त मुमुक्षावाले प्राणियो को ही मुमुक्षु कहते हैं। वे मुमुक्षु जीव भक्त प्रपन्न इत्यादि भेदोंसे विविधप्रकारके माने गये हैं ॥२८॥

मुमुक्षु जीव मोक्षदेनेवाले परिपूर्ण ब्रह्म भगवान् श्रीरामजी के जिज्ञासु (जाननेकी इच्छावाले) बनकर वैष्णव सद्गुरु की शरणमें जाकर गुरुदेवसे श्रीराममन्त्रराजकी दीक्षा लेकर सदैव श्रीरामाराधनमें तत्पर होते हैं, काम क्रोधादि विकारोंसे रहित होकर सत्य और अहिंसा परायण बनते हैं ॥२९ ॥३०॥

इति पण्डितसम्राट्स्वामिश्रीवैष्णवाचार्यप्रणीतायामर्थप्रदीपिकायामात्मनिरूपणात्मकः प्रथमः परिच्छेदः ॥१॥

Scanned by CamScanner

द्वितीयः परिच्छेदः ।

परमात्मस्वरूपार्थः ॥२॥

उपादानं निमित्तं च सत्यस्य जगतोऽस्य हि ।
विशिष्टश्चिदचिद्भ्यां च देहाभ्यां सर्वशक्तिमान् ॥ १ ॥
भगवान् परमं ब्रह्म सर्वज्ञः पुरुषोत्तमः ।
निर्दोषो गुणसिन्धुश्च विभूतिद्वयनायकः ॥ २ ॥

द्वितीयपरिच्छेद

२–द्वितीय अर्थ परमात्मा (प्राप्य)

द्वितीयपरिच्छेदमें पांचअर्थोंमें द्वितीय अर्थ परमात्मा का वर्णन किया जाता है –

भगवान श्रीराम ही परमात्मा हैं । वे इस सत्य जगत्के उपादान (मूल) तथा निमित्त कारण हैं, चित् और अचित् देहोंसे विशिष्ट हैं तथा सर्वशक्तिमान् हैं ॥ १ ॥

ज्ञान शक्ति बल ऐश्वर्य वीर्य और तेज इन छ गुणों को भग कहते है । इन्हें षड्विध ऐश्वर्य भी कहते है । श्रीरामजी में ये छ गुण हैं इसलिये वे भगवान हैं । जगद्गुरु श्रीगङ्गाधराचार्य जी ने "श्रीरामभगवत्त्वम्" में कहा है कि–"ज्ञानशक्तिबलैश्वर्यवीर्यतेजांसि षड् गुणाः । भगत्वेनेरिताः सन्ति श्रीरामे, भगवान् स तत् ॥ १ ॥" श्रीरामे भगवच्छब्दो मुख्यवृत्त्या प्रवर्त्तते । गौण एव स चान्यत्र षड्विधैश्वर्यलेशतः ॥ २ ॥" अर्थ–ज्ञान शक्ति बल ऐश्वर्य वीर्य और तेज ये छ गुण भगशब्दसे कहे जाते हैं । ये छ गुण श्रीरामजीमें हैं ।

Scanned by CamScanner

सर्वाराध्यश्च सर्वात्मा सर्वाधारश्च सर्वदः ।
सच्चिदानन्दरूपोऽथ मोक्षदः सकलेश्वरः ॥ ३ ॥
अस्मर्त्ता भक्तदोषाणां सन्तोष्टाऽल्पसुकर्मणा ।
शास्त्रयोनिः श्रितत्राता श्रीरामो दिव्यदेहवान् ॥ ४ ॥
परमात्मा विभुर्नित्यश्चेतनः स च पञ्चधा ।
परश्च विभवो व्यूहोन्तर्याम्यर्चावतारकः ॥ ५ ॥

इसलिये श्रीरामजी भगवान् हैं । भगवत्शब्द श्रीरामजीमें मुख्यवृत्तिसे (अभिधावृत्तिसे) प्रवृत्त होता है । अतः श्रीरामजी में भगवत्शब्द मुख्य है । अन्यत्र ये छ गुण पूर्णरूपसे नहीं रहते हैं । अतः अन्य व्यक्तियोंमें प्रवृत्त भगवत्शब्द गौण माना जाता है मुख्य नहीं ॥

श्रीरामजी भगवान्, परब्रह्म, सर्वज्ञ, पुरुषोत्तम, दोषरहित, गुणोंके समुद्र तथा लीलाविभूति और नित्यविभूति दोनोंके स्वामी हैं ॥२॥

श्रीरामजी सर्वाराध्य, सर्वात्मा, सर्वाधार सर्वपदार्थोंके दाता, सत् चित् तथा आनन्दरूप, मोक्ष देनेवाले तथा सर्वेश्वर हैं ॥३॥

श्रीरामजी भक्तोंके दोषोंका स्मरण नहीं करते हैं । थोडेसे ही सत्कर्मोंसे सन्तुष्ट हो जाते हैं । शास्त्रवेद्य तथा आश्रितजनोंके रक्षक और दिव्य देहवाले हैं ॥४॥

श्रीरामजी विभु परिमाणवाले अर्थात् सर्वत्र व्यापक हैं, नित्य अर्थात् उत्पत्ति और विनाशसे रहित हैं तथा चेतन (ज्ञाता) हैं । पर विभव व्यूह अन्तर्यामी और अर्चावतार इन भेदोंसे श्रीरामजी पांच प्रकारके हैं ॥५॥

Scanned by CamScanner

१–परः

रामो दिव्यतनुर्नित्ये साकेते दिव्यधामनि ।
मुक्तप्राप्योऽवताराणामवतारी परेश्वरः ॥ ६ ॥
दिव्यसिंहासनासीनो दिव्यभूषणभूषितः ।
दिव्यशस्त्रास्त्रवस्त्रो हि नित्यमुक्तैश्च सेवितः ॥ ७ ॥
निग्रहशून्यया नित्यानुग्रहेण विशिष्टया ।
संयुतः सीतया देव्या लावण्याम्बुधिरूपया ॥ ८ ॥
गुणानां चाथ दिव्यानामाकरोऽतिमनोहरः ।
समाभ्यधिकशून्यश्च सर्वशक्तिश्च सर्ववित् ॥ ९ ॥

१—पर

नित्य अर्थात् उत्पत्तिविनाशशून्य साकेतनामक दिव्यधाममें विराजमान दिव्यदेहवाले भगवान् श्रीरामजी पर ईश्वर हैं । वे मुक्त-प्राप्य और सर्व अवतारों के अवतारी हैं ॥६॥

श्रीसाकेतधाममें श्रीरामजी दिव्यसिंहासन पर विराजमान, दिव्यभूषणोंसे विभूषित, दिव्यशस्त्र अस्त्र तथा वस्त्रवाले और नित्य जीवों तथा मुक्तजीवोंसे सेवित होते हैं ॥७॥

तथैव निग्रहशून्य एवं नित्य अनुग्रहसे विशिष्ट सौन्दर्यसिन्धु भगवती श्रीसीता देवीसे युक्त होते हैं ॥८॥

साकेतस्थ भगवान् श्रीरामजी दिव्यगुणोंके आकर तथा अति-मनोहर हैं । न कोई उनके समान है और न कोई उनसे अधिक है। वे सर्वशक्तिमान् तथा सर्वज्ञ हैं ॥९॥

Scanned by CamScanner

मूलं च जगतः कर्त्ता भर्त्ता हर्त्ता च लीलया ।
प्रपत्त्या चाथ भक्त्या हि मुक्तिदः सकलाश्रयः ॥ १० ॥

२–विभवः

विभूत्यात्मकदेवादौ तत्तत्साजात्यरूपतः ।
प्रादुर्भावो हि रामस्य मत्स्यादिर्विभवो मतः ॥ ११ ॥
गौणमुख्यविभेदेन सोऽनन्तोऽपि द्विधा मतः ।
ईशावेशश्च गौणो हि न्यूनैश्वर्यप्रदर्शकः ॥ १२ ॥
स्वरूपेण तथा शक्त्या चावेशो द्विविधश्च सः ।

श्रीरामजी सर्व जगत्के मूल अर्थात् उपादान कारण हैं । वे लीलासे ही जगतके सर्जन भरण तथा हरण करनेवाले हैं । अपनी प्रपत्ति (शरणागति) तथा भक्तिसे मुक्ति देनेवाले हैं तथा सकलके आश्रय हैं ॥१०॥

२–विभव

स्वविभूतिरूप देव मनुष्यादिकोंमें तत् तत् सजातीयरूपसे भगवान् श्रीरामजीके प्रादुर्भाव (प्राकट्य) को विभव अवतार कहते हैं । मत्स्य कूर्म आदि अवतार विभव हैं ॥११॥

विभव अवतार यद्यपि अनन्त हैं तो भी वे गौण और मुख्य के भेदसे दो प्रकारके माने गये हैं । न्यून ऐश्वर्यके प्रदर्शक ईश्वरके आवेश (प्रवेश) को गौण कहते हैं ॥१२॥

स्वरूपसे आवेशको स्वरूपावेश कहते हैं और शक्ति से आवेशको शक्त्यावेश कहते हैं । स्वरूपावेश और शक्त्यावेशके भेदसे ईश्वरावेश दो प्रकारका है । इनमें से परशुरामादिमें प्रथम अर्थात् ईश्वरका

Scanned by CamScanner

आद्यः परशुरामादावन्त्यो ब्रह्मशिवादिषु ॥ १३ ॥
अवताराश्च साक्षाद् ये मुख्यास्ते राघवादयः ।
दीपाद् दीपा यथा जाता उपास्या दिव्यविग्रहाः ॥ १४ ॥
स्वेच्छातश्च स्वभक्तानां साधूनां परिरक्षकाः ।
परिपूर्णतमस्तत्र राघवेः भगवान् स्वयम् ॥ १५ ॥

३—व्यूहः

करोति व्यूहरूपेण सृष्ट्यादीन् रघुनायकः ।
वासुदेवादयो व्यूहाश्चत्वारः कथिता बुधैः ॥ १६ ॥
ज्ञानादिषड्गुणैर्युक्तो वासुदेवः समीरितः ।

स्वरूपावेश है । और अन्त्य अर्थात् ईश्वरका शक्त्यावेश ब्रह्मा तथा शिवादिकोंमें है ॥१३॥

भगवान्के साक्षात् राघवादि अवतारोंको मुख्य विभवावतार कहते हैं। जैसे एक दीपमें से नानादीप उत्पन्न होते हैं वैसे ही भगवान् श्रीरामजीसे राघवादि मुख्य विभवावतार उत्पन्न होते हैं। वे दिव्यशरीरवाले तथा उपासना करने योग्य होते है। स्वभक्त साधुपुरुषोंकी रक्षाके लिये भगवान् श्रीरामजी स्वेच्छासे मत्स्यादि विभवावतारोंको ग्रहण करते है । उनमें श्रीराघवेन्द्र भगवान् परिपूर्णतम स्वयं भगवान् हैं ॥१४॥१५॥

२—व्यूह

भगवान् श्रीरामजी व्यूहरूपसे जगत्‌की सृष्टि इत्यादि करते हैं। वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न तथा अनिरुद्ध इन चारोंको विद्वानोंने व्यूह कहा है ॥१६॥

Scanned by CamScanner

गुणौ ज्ञानबलाख्यौ हि सङ्कर्षणे मतौ शुभौ ॥ १७ ॥
तत्र शास्त्रप्रवृत्तिर्हि ज्ञानाद् बलाच्च संहृतिः ।
सृष्टिमैश्वर्यतो वीर्यात् प्रद्युम्नो धर्ममातनोत् ॥ १८ ॥
अनिरुद्धश्च सर्वेषां शक्त्या रक्षां करोति हि ।
आत्मनो निखिलं तत्त्वं ज्ञापयति स्वतेजसा ॥ १९ ॥
एतेभ्यो द्वादश ज्ञेया व्यूहाश्च केशवादयः ।
भालादिषूर्ध्वपुण्ड्राणां स्थानेषु सुप्रतिष्ठिताः ॥ २० ॥

उनमें ज्ञानादि षड्गुणोंसे युक्त वासुदेव भगवान् कहे गये हैं। भगवान संकर्षण जी में ज्ञान और बल नामक दो शुभ गुण माने गये हैं ॥१७॥

उनमें ज्ञानगुणसे शास्त्रप्रवृत्ति होती है और बलसे संहार किया जाता है। तथा श्रीप्रद्युम्न जी ऐश्वर्यसे सृष्टिका और वीर्य-से धर्मका विस्तार करते हैं ॥ १८ ॥

और श्रीअनिरुद्ध जी शक्ति गुणसे सर्वकी रक्षा करते हैं तथा अपने तेजसे निखिल तत्त्वको ज्ञापित करते हैं ॥ १९ ॥

इन चतुर्व्यूहोंसे केशवादि द्वादश व्यूहोंको उत्पन्न हुआ जानना चाहिए। वे द्वादश ऊर्ध्वपुण्ड्रोंके मस्तक आदि द्वादश स्थानों-में प्रतिष्ठित हैं। वे द्वादश मासोंके द्वादश आदित्योंके अधिदेवता भी हैं। उनमें से श्रीकेशवजी सुवर्णके समान कान्तिवाले तथा चार चक्र धारण करनेवाले हैं ॥१॥ श्यामवर्णवाले नारायण चार शंख धारण करते हैं ॥२॥ मणिके समान कान्तिवाले माधव जी चार गदा धारण करते हैं ॥३॥ चन्द्रमाके समान कान्तिवाले गोविन्द जी चार शार्ङ्ग धनुष धारण करते हैं ॥४॥ पद्मकी केसरके समान

४–अन्तर्यामी

जीवानां हृदयाब्जस्थो नियन्तृत्वेन राघवः ।
विधत्ते चान्तरीं रक्षामन्तर्याम्यखिलस्य हि ॥ २१ ॥
हृदि स्वरूपरूपाभ्यां स्थिती रामस्य सा द्विधा ।
वैमुख्ये चात्मनामाद्या सत्ताधायकता ततः ॥ २२ ॥
श्रुति "यं आत्मनी"त्यादिः प्रमाणं तत्र विद्यते ।

कान्तिवाले विष्णु जी चार हल धारण करते हैं ॥५॥ कमलके समान कान्तिवाले मधुसूदन जी चार मूशल धारण करते हैं ॥६॥ अग्निके समान वर्णवाले त्रिविक्रम जी चार खड्ग धारण करते हैं ॥७॥ बालसूर्य के समान वामन जी चार वज्र धारण करते हैं ॥८॥ पुण्डरीकके समान कान्तिवाले श्रीधर जी चार पट्टिश धारण करते हैं ॥९॥ विद्युत्के समान कान्तिवाले हृशीकेश जी चार मुद्गर धारण करते हैं ॥१०॥ सूर्यतुल्यकान्तिशाली पद्मनाभ जी पद्म आयुधधारी हैं ॥११॥ तथा इन्द्रगोपतुल्य दामोदर जी चार पाश धारण करते हैं ॥१२॥२०॥

४– अन्तर्यामी

नियन्तारूपसे जीवोंके हृदय कमलमें स्थित श्रीराघवेन्द्र ही अन्तर्यामी हैं । वे सबकी अन्तर–रक्षाको करते हैं ॥२१॥

जीवोंके हृदयमें श्रीरामजीकी स्थिति दो प्रकारकी है । एक स्वरूपसे दूसरी रूपसे । भगवद्विमुख जीवोंके हृदयमें श्रीरामजी की प्रथम स्थिति अर्थात् स्वरूपसे स्थिति होती है । उससे सत्ताधायकता होती है वह स्थिति सुहृद् भावसेहै ॥ २२ ॥

'ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति" ॥ २३ ॥
इत्यादिभगवद्वाक्यं प्रमाणं चापि तत्र हि ।
परा प्राप्ताभिमुख्यानां योगिनां हृदयाम्बुजे ॥ २४ ॥
तेषां ध्यातुं च रक्षार्थं शार्ङ्गिणश्चित्तहारिणः ।
"अंगुष्ठमात्र" इत्यादिश्रुतेस्तत्र प्रमाणता ॥ २५ ॥

५-अर्चावतारः

आश्रिताभिमतं द्रव्यं सुवर्णादिकमष्टधा ।
अङ्गीकृत्य तनुत्वेन श्रीरामोऽर्चातनुर्भवेत् ॥ २६ ॥
रक्ष्यवद् रक्षकश्चापि स्वतन्त्रोऽप्यस्वतन्त्रवत् ।

इस प्रथम स्थितिमें "य आत्मनि तिष्ठन्" अर्थ– 'जो आत्मामें रहता हुआ' इत्यादि श्रुति प्रमाण है । इसमें "ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति" अर्थ– 'हे अर्जुन ईश्वर सर्वभूतोंके हृदयदेशमें रहता है' इत्यादि गीताका भगवद्वाक्य भी प्रमाण है ।

जिन्हें भगवत्सन्मुखता प्राप्त हुई है उन योगियोंके हृदय कमलमें उनके ध्यान करने के लिये तथा उनकी रक्षा करने के लिये मनोहारी शार्ङ्गधनुर्धारी भगवान् श्रीराम जी की दूसरी स्थिति अर्थात् कमनीय दिव्यविग्रहसे स्थिति होती है । 'अंगुष्ठमात्रः पुरुषोन्तरात्मा' इत्यादि श्रुति इसमें प्रमाण है ॥ २३ ॥ २४ ॥ २५ ॥

५– अर्चावतार

सुवर्ण आदि आठ प्रकारके आश्रिताभिमत द्रव्यको शरीररूपसे अङ्गीकार करके श्रीराम जी अर्चाविग्रह होते हैं ॥ २६ ॥

अर्चावतारमें भगवान् रक्षक होते हुए भी रक्ष्यसदृश, स्वतन्त्र होते हुए भी परतन्त्रसदृश तथा आप्तसमस्तकाम होते हुए भी

Scanned by CamScanner

तदाऽऽप्तसर्वकामोऽपि सापेक्ष इव दृश्यते ॥ २७ ॥
परश्च विभवश्चाथ व्यूहश्चासन्निधानतः ।

सापेक्षसदृश दिखाई देते हैं । अर्चावतारके चार प्रकार हैं । आनन्द-भाष्यकार भगवान् श्रीरामानन्दाचार्य जी ने श्रीवैष्णवमताब्जभास्करमें कहा है कि—"स्वयं व्यक्तश्च दैवश्च सैद्धो मानुष एव च । देशादौ हि प्रशस्ते स वर्त्तमानश्चतुर्विधः ॥" (श्रीवै० म० भा०५।७) अर्थ-श्रेष्ठ देशादिमें वर्त्तमान वह अर्चावतार चार प्रकारका है । १—स्वयंव्यक्त (स्वतः प्रकट) २—दैव (देवोंसे प्रतिष्ठापित) ३—सैद्ध (सिद्धोंसे प्रतिष्ठा-पित) ४—मानुष(मनुष्योंसे प्रतिष्ठापित) ।

आचार्यपादने भगवान्के आर्चावतारका पूजन षोडश प्रकार-से करनेका आदेश श्रीवैष्णवमताब्जभास्कर में दिया है— "आवा-हनासनाभ्यां च पाद्यार्घ्याचमनैस्तथा । स्नानवस्त्रोपवीतैश्च गन्धपुष्प-सुधूपकैः ॥ दीपनैवेद्यताम्बूलप्रदक्षिणविसर्जनैः । षोडशार्चाप्रकारैस्त-मेतैरर्चेत् सदा सुधीः ॥" (श्रीवै० म० भा० ८।९) सुन्दर बुद्धि-वाला पुरुष १ आवाहन २ आसन ३ पाद्य ४ अर्घ्य ५ आचमन ६ स्नान ७ वस्त्र ८ यज्ञोपवीत ९ गन्ध १० पुष्प ११ धूप १२ १३ नैवेद्य १४ ताम्बूल १५ प्रदक्षिण १६ विसर्जन इन सोलह उपचारोंसे भगवान्के अर्चाविग्रहका सदैव अर्चन करे ।

भगवान्का अर्चन पुरुषसूक्तस्थ मन्त्रोंसे अथवा जगद्गुरु श्रीअनन्तानन्दाचार्य विरचित श्रीरामपटल नामक ग्रन्थमें लिखे हुए मन्त्रोंसे करना चाहिये ॥ २७ ॥

Scanned by CamScanner

अन्तर्यामी च सूक्ष्मत्वात् सुलभो मूर्तिवन्न हि ॥ २८ ॥
दृश्यतेऽर्चनधर्मोऽयं सत्यत्रेतायुगादिषु ।
इहाथ परलोके च सर्वथा सुखकारकः ॥ २९ ॥
रामस्यार्चावतारस्य दर्शनादर्चनादथ ।
स्तवनाद् वन्दनादेर्वा सुखं मोक्षश्च लभ्यते ॥ ३० ॥

इत्युपनिषद्भाष्यकारपण्डितसम्राट्स्वामिश्रीवैष्णवाचार्यवेदान्ततीर्थप्रणीतेऽर्थपञ्चके परमात्मरूपार्थनिरूपणात्मको द्वितीयः परिच्छेदः ॥२॥

पर, विभव और व्यूह असन्निहित होनेसे तथा अन्तर्यामी अत्यन्तसूक्ष्म होनेसे मूर्तिके सदृश सुलभ नहीं हैं ॥ २८ ॥

शास्त्रोंमें यह भगवदाराधन-धर्म सत्ययुग, त्रेता, द्वापर तथा कलियुग चारों युगोंमें देखा जाता है । वह इस लोक तथा परलोक दोनोंमें सर्वप्रकारसे सुखकारी है ॥ २९ ॥

भगवान् श्रीरामजी की मूर्त्तिके दर्शन, अर्चन, स्तवन तथा वन्दन से सुख तथा मोक्ष मिलते हैं ॥ ३० ॥

इति पण्डितसम्राट्स्वामिश्रीवैष्णवाचार्यप्रणीतायामर्थप्रदीपिकायां परमात्मनिरूपणात्मको द्वितीयः परिच्छेदः ॥२॥

Scanned by CamScanner

तृतीयः परिच्छेदः ।

उपायरूपार्थः ॥३॥

जना जगति दृश्यन्ते प्रायेण दुःखभागिनः ।
स्वदुःखानामपायार्थमुपायालम्बिनश्च ते ॥ १ ॥
केचित् कर्मपरा केचिज् ज्ञानमात्रावलम्बिनः ।
भगवद्भक्तिनिष्ठा हि मानवाश्च तथा परे ॥ २ ॥
परिपूर्णतमब्रह्मश्रीमद्रामपदाश्रिताः ।
प्रपत्तिमात्रनिष्ठाश्च केचिद् दीनजना इह ॥ ३ ॥
अशक्ताः सर्वथा केचिदुक्तोपायचतुष्टये ।
सदाचार्यप्रपत्तिश्चोपायत्वेनावलम्बिता: ॥ ४ ॥

तृतीयपरिच्छेदः ।

३–तृतीय अर्थ उपाय

अब तृतीय अर्थ उपाय कहा जाता है—

जगत्‌में प्रायः दुःखी लोग देखे जाते हैं। वे लोग अपने दुःखोंके नाशके लिये उपायका अवलम्बन करते हैं ॥१॥

उनमेंसे कुछ कर्मपरायण हैं, कुछ ज्ञानमात्रका अवलम्बन करने वाले हैं और कुछ लोग भगवद्भक्तिनिष्ठ हैं ॥२॥

इस मृत्युलोकमें परिपूर्णतम ब्रह्म भगवान् श्रीरामजीके चरणोंका आश्रय ग्रहण किये हुए कुछ दीन जन प्रपत्तिमात्रमें निष्ठावाले हैं ॥३॥

उक्त कर्म, ज्ञान, भक्ति और प्रपत्ति इन चारों उपायोंके करनेमें सर्वप्रकारसे शक्तिहीन कुछ लोग तो सद्गुरुकी प्रपत्तिमात्रको ही उपायरूपसे अवलम्बन करते हैं ॥४॥

Scanned by CamScanner

इत्थमुक्ता उपाया हि पञ्चधा तत्त्ववित्तमैः ।
आश्रयं च विना येषां पुरुषार्थो न सिध्यति ॥ ५ ॥

१–कर्म

कर्मयोगाभिधः प्रोक्तस्तेषूपायेषु चादिमः ।
ज्ञानद्वारेण साक्षाद् वा भक्तेरुत्पादकश्च सः ॥ ६ ॥
उत्पादनविधौ भक्तेर्ज्ञानस्यासौ सहायकः ।
ऐश्वर्यसाधको मुख्यः प्राणिनां पापनाशकः ॥ ७ ॥
नित्यं नैमित्तिकं चाथ काम्यवर्ज्यं फलं विना ।
शास्त्रेणाप्रतिषिद्धं च कर्म कार्यं मुमुक्षुभिः ॥ ८ ॥
देवार्चनतपस्तीर्थदानयज्ञादिभेदतः ।

श्रेष्ठ तत्त्वज्ञानी लोगोने इसप्रकारसे पाँच प्रकारके उपायोंको कहा है । जिनका आश्रय लिए बिना पुरुषार्थ (पुरुषोंका अभिलषित पदार्थ) सिद्ध नहीं होता है ॥५॥

१– प्रथम उपाय कर्म

उक्त पांचों उपायोंमें कर्मयोगनामक उपाय प्रथम उपाय कहा गया है । वह ज्ञानद्वारा अथवा साक्षात् भक्तिका उत्पादक है ॥६॥

भक्ति उत्पन्न करनेमें कर्मयोग ज्ञानयोगका सहायक होता है । प्राणियोंके पापोंका नाश करनेवाला यह कर्मयोग ऐश्वर्यका मुख्य साधक है ॥७॥

जो शास्त्रसे निषिद्ध न हो वह काम्यकर्मातिरिक्त कर्म तथा नित्य नैमित्तिक कर्म मुमुक्षुपुरुषोंको करना चाहिये ॥८॥

श्रेष्ठ कर्मज्ञानी लोगोंने कर्मके देवार्चन, तप, तीर्थयात्रा दान तथा यज्ञ आदि विविध प्रकार कहे हैं ॥९॥

Scanned by CamScanner

कर्मणश्चाथ वैविध्यं सम्प्रोक्तं कर्मवित्तमैः ॥ ९ ॥
'यज्ञदानतपः कर्म न त्याज्यं कार्यमेव तत् ।"
इत्येतद् भगवद्वाक्यात् कर्मणोऽवश्यकार्यता ॥ १० ॥

२–ज्ञानम्

उपायो ज्ञानयोगाख्यो द्वितीयः कथितो बुधैः ।
भक्तेरुत्पादकः साक्षान्मुख्यकैवल्यसाधकः ॥ ११ ॥
भक्तियोगस्य संसिद्धावात्मज्ञानमपेक्षितम् ।
उपायश्चान्तरङ्गोऽथ ज्ञानयोगश्च तत्र हि ॥ १२ ॥
स चान्तःकरणे पुंसः संशुद्धे कर्मयोगतः ।
अप्राकृतात्मनश्चेशशेषत्वेन विचिन्तनम् ॥ १३ ॥
सर्वेशो हृदयादित्यमण्डलादौ विराजितः ।

"यज्ञदानतपः कर्म न त्याज्यं कार्यमेव तत्" (गी०) अर्थ– यज्ञ दान तथा तप रूप कर्मको त्यागना न चाहिये किन्तु करना ही चाहिए। गीताके इस भगवत्कथनसे कर्म अवश्य ही करना चाहिये ॥१०॥

२– द्वितीय उपाय ज्ञान

पञ्चविध उपायोंमें द्वितीय ज्ञानयोग है। ज्ञानयोग भक्तियोगका साक्षात् उत्पादक है तथा कैवल्यका मुख्य साधक है ॥११॥

भक्ति योगकी सिद्धिमें आत्मज्ञान अपेक्षित होता है। भक्तियोगमें ज्ञानयोग अन्तरङ्ग उपाय है ॥१२॥

कर्मयोगसे पुरुषके अन्तःकरणके शुद्ध हो जाने पर "अप्राकृत आत्मा भगवान्का शेष है" इसप्रकारके चिन्तन करनेको 'ज्ञानयोग' कहते हैं ॥१३॥

दिव्यदेहवाले तथा गुणोंके समुद्र धनुर्धारी सर्वेश्वर श्रीरामजी

राम एव धनुर्धारी दिव्य देहगुणाम्बुधिः ॥ १४ ॥
भूषितो भूषणैर्दिव्यैः श्रीसीतया सुशोभितः ।
सर्वशेषी स तत्राथ चिन्त्यते हि निरन्तरम् ॥ १५ ॥

३—भक्तिः

उपायो भक्तियोगाख्यस्तृतीयः शास्त्रसम्मतः ।
यमाद्यष्टाङ्गवाँश्चासौ प्रारब्धान्ते च मुक्तिदः ॥ १६ ॥

ही हृदयस्थ आदित्यमण्डल आदिमें विराजमान हैं। दिव्य भूषणोंसे विभूषित तथा जगज्जननी श्रीसीतादेवीसे सुशोभित सर्वशेषी उन भगवान् श्रीरामजीका हृदयस्थ आदित्यमण्डल आदिमें निरन्तर ध्यान किया जाता है ॥

सनतकुमारसंहिताके श्रीरामस्तवराजमें कहा है कि— "सूर्यमण्डलमध्यस्थं रामं सीतासमन्वितम् । नमामि पुण्डरीकाक्षममेयं गुरुतत्परम् ॥" ॥१४॥१५॥

३- तृतीय उपाय भक्ति

"भक्त्या लभ्यस्त्वनन्यया" (भगवत्प्राप्ति मोक्ष है। भगवान् केवल अनन्य भक्तियोगसे ही प्राप्त होते हैं।) इत्यादि शास्त्र सम्मत तृतीय उपाय भक्ति योग है। भक्तियोग यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि इन आठ अङ्गोंवाला है। वह प्रारब्ध कर्मके फलके भुक्त हो जाने पर मुक्ति देता है। जगद्गुरु श्रीटीलाचार्यजी ने प्रबोधकलानिधिमें कहा है कि— "मुक्त्यै नास्ति गतिस्तथा रघुपतेर्भक्तेः प्रपत्तेः परा।" अर्थ— मुक्तिके लिये श्रीरामजी की भक्ति और प्रपत्तिसे पर कोई गति नहीं है।

Scanned by CamScanner

स्नेहपूर्वमनुध्यानं भक्तित्वेनाभिधीयते ।
साध्यसाधनभेदाभ्यां भक्तिर्द्विधा प्रकीर्तिता ॥ १७ ॥
आद्या चेशकृपाजन्या वक्ष्यते शरणागतिः ।
विवेकादिकजन्याऽन्त्या दैवान्यकर्मनाशिका ॥ १८ ॥

जगद्गुरु श्रीमङ्गलाचार्य जी महामुनीन्द्रने भी कहा है कि- "वेदान्तवेद्यकरुणाकरनित्यबन्धोः सीतापतेः श्रितजनाहितनाशकर्तुः । भव्यां भवाब्धितरणे तरणिं प्रपत्तिं भक्तिं विना च मनुजो लभते न मुक्तिम् ॥९॥" (वेदान्तचिन्तामणिः) अर्थ- वेदान्तवेद्य करुणाके आकर नित्यबन्धु तथा स्वाश्रितजनोंके अहितका नाश करनेवाले श्रीसीतानाथकी भवसमुद्रके तरनेमें नौका स्वरूप सुन्दर प्रपत्ति और भक्तिके विना मनुष्य मुक्तिको नहीं पा सकता है ॥१६॥

स्नेहपूर्वक भगवान्के ध्यानको भक्ति कहते हैं । साध्य और साधनके भेदसे भक्ति दो प्रकारकी कही गई है ॥१७॥

उन दोनोंमें से प्रथम साध्यभक्तिको ही शरणागति कहते हैं। वह भगवान्की कृपासे उत्पन्न होती है । वह चतुर्थ उपाय रूपसे कही जायगी । द्वितीय साधनभक्ति विवेकादि सप्तसाधनोंसे उत्पन्न होती है । वह प्रारब्ध कर्मसे अतिरिक्त कर्मका नाश करती है। आनन्दभाष्यकार जगद्गुरु श्रीरामानन्दाचार्यजी ने श्रीवैष्णवमताब्ज-भास्करमें कहा है कि- "सा तैलधारासमसंस्मृतिप्रसन्तानरूपेशि परानुरक्तिः । भक्तिर्विवेकादिकसप्तजन्या तथा यमाद्यष्टसुबोधकाङ्गा ॥"

अर्थ- विवेकादि सप्त साधनोंसे उत्पन्न हुई, यम नियम आदि आठ तथा ज्ञानरूप अङ्गों वाली, तथा तैलधाराके सदृश निरन्तर स्मृति-

Scanned by CamScanner

सा दर्शनसमाकारा ध्रुवा स्मृतिः श्रुतीरिता ।
प्रायणकालपर्यन्तं तदावृत्तिर्मता श्रुतौ ॥ १९ ॥

सन्तानरूप वह भक्ति है । जगद्गुरु श्रीपुरुषोत्तमाचार्यनामक भगवान् बोधायन महर्षिने भक्तिके विवेक विमोक आदि सप्तसाधनोंको बोधायनवृत्तिमें कहा है । जो यत्र तत्र ग्रन्थोंमें आज भी उपलब्ध हैं । आनन्दभाष्यकार भगवान् श्रीरामानन्दाचार्यजी ने भी ब्रह्मसूत्रोंके आनन्दभाष्यमें उनको प्रदर्शित कर किया है । भगवान् श्रीबोधायन जी के शिष्य जगद्गुरु श्रीगङ्गाधराचार्यजीने उन सप्तसाधनोंको श्लोकबद्ध कर दिया है जो साधनचन्द्रिकाके नामसे प्रसिद्ध है ॥१८॥

उस दर्शनसमानाकार भक्तिको श्रुतिने ध्रुवस्मृति रूपसे कहा है कि- "आहारशुद्धौ सत्त्वशुद्धिः सत्त्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः स्मृतिलम्भे सर्वग्रन्थीनां विप्रमोक्षः ॥" (छां. ७।२६।२) अर्थ- आहारकी शुद्धि होने पर सत्त्वकी (अन्तःकरणकी) शुद्धि होती है । सत्त्वकी शुद्धि होने पर भक्ति होती है । और भक्ति अर्थात् ध्रुवा स्मृति होने पर मोक्ष होता है "स खल्वेवं वर्त्तयन् यावदायुषं ब्रह्मलोकमभिसम्पद्यते" (छा.८।१५।१) ॥ अर्थ- वह उपासक आयुष्य पर्यन्त (आमरणान्त) इस प्रकारसे ध्यान करता हुआ ब्रलोह्मकको प्राप्त होता है । इस प्रकार श्रुतिमें मरणकालपर्यन्त उस ध्यानकी (भक्तिकी) आवृत्ति मानी गई है । भगवान् सूत्रकारने भी कहा है कि- "आप्रायणात् तत्रापि ही दृष्टम्" (ब्र० सू० ४।१।१२) अर्थ- मरणपर्यन्त उस उपासनकी आवृत्ति करनी चाहिये क्योंकि उसमें भी वह ध्यान श्रुतिमें देखा गया है ।

Scanned by CamScanner

नव भेदास्तु भक्तेर्हि बोद्धव्याः श्रवणादयः ।
यैश्च प्रसादितो रामः सुखं मोक्षं च यच्छति ॥ २० ॥

इस सूत्रके आनन्दभाष्यमें भगवान् श्रीरामानन्दाचार्यजीने भी कहा है कि– "आमरणादावृत्याऽनुष्ठेयमुपासनम् । कुतः ? तत्रापि हि दृष्टम् । उपासनमारभ्याप्रायणान्मध्ये यः कालस्तत्रापि हि दृष्टमुपासनम् ।" (आनन्दभाष्य ४।१।१२) अर्थ– मरणकालपर्यन्त आवृत्तिद्वारा उपासन करना चाहिये । क्योंकि उपासनसे प्रारम्भ करके मरणकाल तक बीचमें जो काल है उसमें भी उपासन श्रुतिद्वारा निर्दिष्ट है ॥१९॥

भक्तिके श्रवण कीर्त्तन स्मरण पादसेवन अर्चन वन्दन दास्य सख्य तथा आत्मनिवेदन इन नव भेदोंको भी जानना चाहिए। जिनसे प्रसन्न किये हुए भगवान् श्रीरामजी सुख और मोक्षको देते हैं ।

आनन्दभाष्यकार भगवान् श्रीरामानन्दाचार्यजी ने श्रीवैष्णवमताब्जभास्करमें कहा है कि– "उदारकीर्त्तेः श्रवणं च कीर्त्तनं हरेर्मुदा संस्मरणं पदश्रितिः । समर्चनं वन्दनदास्यसख्यकान्यात्मार्पणं सा नवधेति गीयते ॥" अर्थ–उदार कीर्तिवाले भगवान्‌की वह भक्ति हृदयोल्लासपूर्वक श्रवण कीर्त्तन स्मरण पदाश्रय (पादसेवन) अर्चन वन्दन दास्य सख्य तथा आत्मसमर्पण इन नव भेदोंसे कही जाती है ।

श्रीमद्भागवतमें महाभागवत श्रीप्रह्लादजीका कथन है कि– श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम् । अर्चनं वन्दनं दास्यं

Scanned by CamScanner

४- प्रपत्तिः

कर्मज्ञानाङ्गशालिन्यां भक्त्यां चाशक्तिशालिनाम् ।
प्रपत्तिः सुकरोपायः सर्वेभ्यश्चाभयप्रदः ॥ २१ ॥

सख्यमात्मनिवेदनम् ॥ (भाग० ७।५।२३) अर्थ स्पष्ट है ।

"भगवान् श्रीरामजी अपने भक्तोंको अपना धाम अर्थात् मोक्ष देते हैं" यह श्रीहनुमानजी ने भी कहा है कि– "सुरोऽसुरोवाऽप्यथवा नरोऽनरः सर्वात्मना यः सुकृतज्ञमुत्तमम् । भजेत रामं मनुजाकृतिं हरिं य उत्तराननयत् कोशलान् दिवम् ॥" (भाग० ५।१९।८) अर्थ– सुर हो अथवा असुर हो मनुष्य हो अथवा अमनुष्य (पशु पक्षी आदि) हो सबको चाहिये कि वे उन सुकृतज्ञ (थोड़ेसे सत्कर्मको बहुत माननेवाले) मनुजरूपधारी पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामजीका भजन करें । जो समस्त अयोध्यावासियोंको अपने धाममें ले गये हैं ।

जगद्गुरु श्रीराघवानन्दाचार्यजी ने श्रीराघवेन्द्रमङ्गलमालाके १७ श्लोकमें कहा है कि– "यत्सेवा मोक्षसौधस्याकण्टका राज्यपद्धतिः । तस्मै सेव्यवरेण्याय राघवेन्द्राय मङ्गलम् ॥" अर्थ– जिसकी सेवा मोक्षप्रासाद (मोक्षमहल)का निष्कण्टक मार्ग है उन सेव्योंमें श्रेष्ठ भगवान् श्रीराघवेन्द्रजीका मङ्गल हो ॥२०॥

४- चतुर्थ उपाय प्रपत्ति

कर्म और ज्ञान रूप दो अङ्गोंवाली भक्ति करनेमें भी अशक्तिमान् पुरुषोंको सबसे अभय देनेवाली भगवत्प्रपत्ति ही सरल उपाय है ।

Scanned by CamScanner

सकृदेव विधेयोऽसौ प्रारब्धस्यापि नाशकः ।
सुदृढोपायताबुद्धिस्तन्निष्ठस्य हि राघवे ॥ २२ ॥
प्रपत्तिरानुकूल्यस्य सङ्कल्पोऽप्रतिकूलता ।

भगवान श्रीरामजी ने स्वयं कहा है कि— "सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद् व्रतं मम ॥ (वाल्मीकिरामायण) अर्थ— भगवान् श्रीरामजी कहते हैं कि— "मैं तुम्हारा हूँ" । इसप्रकार जो एक बार भी मुझसे याचना करता है । मैं उस प्रपन्न पुरुषको सर्वसे अर्थात् भयप्रदमात्रसे अभय देता हूँ । यह मेरा व्रत (प्रतिज्ञा) है ।

आनन्दभाष्यकार भगवान् श्रीरामानन्दाचार्यजीके प्रधान शिष्य श्रीरामानन्दाचार्यजीके अनन्तर उनके धर्माचार्यासन पर आरूढ़ होने वाले द्वितीयरामानन्दचार्य जगद्गुरु श्रीअनन्ताचार्यजी ने स्वविरचित सिद्धान्तदीपकके १५ श्लोकमें कहा है कि— "सकृदेव प्रपत्त्यै हि कृता श्रीरामयाचना । सर्वाभयविधात्री स्यात् सत्यं श्रीमुखभाषणम् ॥१५॥" अर्थ— "एक बार भी प्रपत्तिके लिए श्रीरामजीसे की हुई याचना सर्वसे अभय करने वाली है" यह भगवान श्रीराम जी का कथन सत्य है ॥२१॥

प्रपत्ति एक बार ही की ही जाती है । प्रारब्धका भी नाश करने वाली है । "राघवेन्द्र भगवान ही उपाय हैं" इस प्रकारकी दृढ़निश्चयरूप बुद्धि प्रपत्तिनिष्ट पुरुषकी हो जाती है ॥२२॥

प्रपत्तिके ६ प्रकार होते हैं—– भगवानके अनुकूल रहने- का संकल्प, भगवत्प्रतिकूलताका अभाव, 'भगवान अवश्य रक्षा

विश्वासो वरणं न्यासः कार्पण्यमिति षड्विधा" ॥ २३ ॥
इति न्यासः षडंशोऽस्ति सर्वे तस्याधिकारिणः ।
आर्त्तदृप्तविभेदाभ्यां प्रपन्ना द्विविधा मताः ॥ २४ ॥
आर्त्तानां च प्रपन्नानां शीघ्रमेव फलप्रदा ।
दृप्तानामथ तेषां हि देहान्तरनिवारिणी ॥ २५ ॥

५- आचार्याभिमानः

असमर्थो नरः कश्चिदुक्तोपायचतुष्टये ।

करेंगे' इसप्रकारका दृढ़ विश्वास, 'हे प्रभो पाहि माम्' इसप्रकारसे रक्षणकी याचना, दैन्य और आत्मसमर्पण, इन छ भेदोंवाली प्रपत्ति है। भगवान् श्रीबोधायनजीने प्रपत्तिषट्कके द्वितीय श्लोकमें ही उक्त छ अंशोंका निवेश कर दिया है—"राम ! दीनोऽनुकूलोऽहं विश्वस्तोऽप्रातिकूल्यवान् । त्वयि न्यस्यामि चात्मानं पाहि मां पुरुषोत्तम ! ॥ अर्थ स्पष्ट ही है ॥२३॥

इस शास्त्रीय सिद्धान्तसे न्यास(आत्मसमर्पण) के छ अंश हैं। आत्मसमर्पणमें सर्वका अधिकार है। आर्त्त और दृप्त भेदसे प्रपन्न दो प्रकारके माने गये हैं ॥२४॥

जो प्रपन्न भगवान्‌के वियोगको क्षणमात्र भी नहीं सह सकते हैं वह आर्त्तप्रपन्न हैं। प्रपत्ति आर्त्तप्रपन्नोंको शीघ्र ही फलप्रदान करती है अर्थात् मुक्ति देती है। आर्त्तप्रपन्नोंसे अतिरिक्त प्रपन्नोंको दृप्तप्रपन्न कहते हैं। प्रपत्ति दृप्तप्रपन्नोंके देहान्तर-योगको निवारण कर देती है। अर्थात् दृप्तप्रपन्नोंको अन्य शरीर नहीं ग्रहण करना पड़ता है। वे वर्त्तमान शरीरके छूटने पर मुक्त हो जाते हैं ॥२५॥

Scanned by CamScanner

गुरुरेव ममोद्धर्त्ता चैतस्माद् भवसागरात् ॥ २६ ॥
तस्माद् गुरुं प्रपन्नोऽहमित्येवमभिमन्यते ।
तस्य च्युतिं च तत्प्राप्तौ रामप्रीतिं विमृश्य च ॥ २७ ॥
विरक्तो वैष्णवाचार्यः शिष्यदोषनिवृत्तये ।
शिष्योद्धारकरोपायानुष्ठाने सम्प्रवर्त्तते ॥ २८ ॥
बाले रुग्णेऽनुसन्धत्ते यथा माता स्वदोषिताम् ।
बालरोगनिवृत्त्यर्थं भेषजं चाथ सेवते ॥ २९ ॥

५–पञ्चम उपाय आचार्याभिमान

उक्त चारों उपायोंके करनेमें असमर्थ हुआ कोई पुरुष विचार करता है कि– 'इस भवसागरसे मेरा उद्धार करनेवाले श्रीगुरुदेव ही हैं' ॥२६॥

इसलिये वह 'अहं गुरुं प्रपन्नः' (मैं गुरुदेवकी शरणमें हूँ) इस प्रकारसे अभिमान करता है। यही आचार्याभिमान है। उस स्वप्रपन्न शिष्यके पतन तथा उसकी भगवत्प्राप्तिमें भगवान् श्रीरामजीकी प्रीतिका विमर्श (विचार) करके वे विरक्त वैष्णव गुरुदेव शिष्यदोषकी निवृत्तिके लिये शिष्यके उद्धार करनेवाले भक्ति आदि उपायके अनुष्ठानमें (करनेमें) स्वयं प्रवृत्त होते हैं ॥२७॥२८॥

समझमें आनेके लिये उक्त बातमें दृष्टान्त दिया जाता है कि जैसे बालकके रुग्ण होने पर उसमें माता अपने दोषका अनुसन्धान करती है और छोटे बालकके रोगकी निवृत्तिके लिये स्वयं औषधिका सेवन करती है। वैसे ही गुरुदेव स्वप्रपन्न शिष्यके दोषकी निवृत्तिके लिये स्वयं उपायका अनुष्ठान करते हैं ॥२९॥

Scanned by CamScanner

कृपां गुरुश्च रामेण कारयति करोति च ।
सदाचार्याभिमानस्तत् फलोपायतया मतः ॥ ३० ॥

इत्युपनिषद्भाष्यकारपण्डितसम्राट् स्वामिश्रीवैष्णवाचार्यवेदान्ततीर्थप्रणीतेऽर्थपञ्चक उपायरूपार्थनिरूपणात्मकस्तृतीयः परिच्छेदः॥३॥

गुरुदेव शिष्य पर स्वयं कृपा करते हैं और स्वाराध्य भगवान् श्रीरामजीसे भी शिष्य पर कृपाको करवाते हैं। इसप्रकार शिष्यका उद्धार हो जाता है। इसलिये सत् आचार्याभिमानको भी फलरूप मोक्षके उपायरूपसे माना गया है ॥३०॥

इति पण्डितसम्राट् स्वामिश्रीवैष्णवाचार्यप्रणीतायामर्थप्रदीपिकायामुपायनिरूपणात्मकस्तृतीयः परिच्छेदः ॥३॥

श्री बोधायन पुस्तकालय
श्री कोसलेन्द्रमठ,
सं.
अहमदाबाद-७.

Scanned by CamScanner

४– चतुर्थः परिच्छेदः ।

पुरुषार्थरूपार्थः ॥४॥

पुरुषार्थपराः प्रायो दृश्यन्ते पुरुषाः समे ।
पुरुषेणार्थितश्चार्थः पुरुषार्थः फलाभिधः ॥ १ ॥
धर्मोऽभिलष्यते कैश्चिदर्थश्च कैश्चिदर्थ्यते ।
कामश्च काम्यते कैश्चित् कामुकैः पुरुषैरिह ॥ २ ॥
आत्मानुभवमीहन्ते केचिदात्मावबोधिनः ।
सर्वेशानुभवाख्यं हि मोक्षमिच्छन्ति चापरे ॥ ३ ॥
एवञ्चार्थयितारो हि पुरुषार्थस्य पञ्चधा ।
तेषां रुचिविभेदाद्धि पुरुषार्थोऽपि पञ्चधा ॥ ४ ॥
धर्मश्चार्थश्च कामश्चानुभवश्चात्मनस्तथा ।
तथा चानुभवः श्रीमद्रामस्य परमात्मनः ॥ ५ ॥

चतुर्थः परिच्छेदः ।

४– चतुर्थ अर्थ पुरुषार्थ

प्रायः सभी पुरुष पुरुषार्थपरायण देखे जाते हैं। पुरुषोंसे प्रार्थित फलनामक अर्थ ही पुरुषार्थ है ॥१॥

कोई धर्मकी अभिलाषा करते हैं, कोई अर्थकी अर्थना करते हैं, कोई कामुक पुरुष कामकी कामना करते हैं, कोई आत्मज्ञानी पुरुष आत्मानुभवको चाहते हैं और अन्य लोग तो भगवदनुभवरूप मोक्षको चाहते हैं ॥२॥३॥

इस प्रकार पुरुषार्थकी वाञ्छा करनेवाले पाँच प्रकारके हैं। उनकी रुचियोंके भेदसे पुरुषार्थ भी पाँच प्रकार का है ॥४॥

धर्म अर्थ काम आत्मानुभव और परमात्मा श्रीरामजीका अनु-

Scanned by CamScanner

१– धर्मः

चोदनालक्षणश्चार्थो धर्मः सुखप्रदायकः ।
हतः सन् धर्महन्ता स रक्षितो धर्मरक्षकः ॥ ६ ॥
साधारणः स धृत्यादिर्मन्वादिभिः समीरितः ।
वर्णाश्रमादिभेदेन विशेषो बहुधा मतः ॥ ७ ॥

भव ये पाच पुरुषार्थ हैं ॥५॥

१– प्रथम पुरुषार्थ धर्म

'धर्म चर' इत्यादि रूपसे वेदसे विधान किया हुआ अर्थ ही सुखप्रदान करनेवाला 'धर्म' है । धार्मिक पुरुषके द्वारा नष्ट किया हुआ धर्म उस नाश करनेवालेका नाश करता है और धार्मिक पुरुष-के द्वारा रक्षित किया हुआ धर्म उस धार्मिक मनुष्यका रक्षक होता है ॥६॥

"धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः । धीर्विद्या सत्यम क्रोधो दशकं धर्मलक्षणम् ॥ (मनु०) धैर्य, क्षमा, मनको वशमें करना, चोरी न करना, शौच (स्नानादि), इन्द्रियोंको वशमें करना, विवेकशील बुद्धि, विद्योपार्जन, सत्यबोलना और क्रोध न करना ये दश धर्मके लक्षण हैं । इत्यादि रूपसे मनु इत्यादि महर्षियों द्वारा कथित धृत्यादि साधारण धर्म हैं । वर्णधर्म तथा आश्रमधर्म इत्यादि भेदों से विशेषधर्म बहुत प्रकारका माना गया है ।

इस प्रकार साधारणधर्म और विशेषधर्म भेदसे धर्म दो प्रकारका हुआ । पितृधर्म, पुत्रधर्म, पतिधर्म, पत्नीधर्म इत्यादि भी

Scanned by CamScanner

एकमात्रं सुहृद् धर्मो मरणादनुयाति यः ।
देहेन सह नश्यन्ति धर्मेतरे तु देहिनः ॥ ८ ॥
मानवो धर्ममात्रेण पशुभ्यश्चातिच्यिते ।
आहारमैथुनाद्यैस्तु मानवः पशुभिः समः ॥ ९ ॥
धर्मः प्रशश्यते चार्यैरधर्मस्तैर्विगर्ह्यते ।
सर्वेषु वैष्णवो धर्मः श्रेष्ठो मोक्षप्रदायकः ॥ १० ॥

विशेषधर्मके ही भेद हैं। ये सर्वधर्म मनुस्मृति तथा गीता आदि धर्मग्रन्थोमें वर्णित हैं ॥७॥

एकमात्र धर्म ही प्राणीका मित्र है जो उसके मरनेके अनन्तर भी उसके साथ जाता है। प्राणीके धर्मेतर धन जन भवनादि पदार्थ तो देहके साथ ही नष्ट हो जाते हैं ॥८॥

मानव, धर्ममात्रके होनेसे ही पशुओसे अतिरिक्तरूपसे गिना जाता है। आहार, मैथुन, भय तथा निद्रा इत्यादिकोंसे तो मानव पशुओंके तुल्य ही है ॥९॥

जो आर्यों (श्रेष्ठ पुरुषों)के द्वारा प्रशंसित होता है वह धर्म है और जो निन्दित होता है वह अधर्म है। मोक्ष देनेवाली वैष्णवधर्म ही सर्वधर्मोंमें महान् धर्म है।

श्रीटोलाद्वारापीठाचाय जगद्गुरु श्रीटोलाचार्यजी ने प्रबोधकलानिधिमें कहा है कि— "सद्धर्मः श्रुतिधर्मशास्त्रविहितो ग्राह्यः शुचिर्वैष्णवः" अर्थ— वेदों और धर्मशास्त्रोंसे विधान किये गये पवित्र और उत्तम वैष्णवधर्मको ग्रहण करना चाहिये।

Scanned by CamScanner

श्रीटीलाचार्यजी ने वैष्णवोंके पञ्चसंस्काररूपलक्षणोंको कहा है कि—

"इष्वासेन तथेषुणा रघुपतेर्बाहू वरं चाङ्कितौ
गात्रं द्वादशसूर्ध्वपुण्ड्रलसितं वृन्दा गले शोभिता।
सीतारामपदाब्जदास्यपरकं यस्याभिधानं तथा
श्रीमत्तारकदीक्षितः स पुरुषः पूज्यः सतां वैष्णवः" ॥

(प्र० क० ६)

जिस पुरुषकी दोनो भुजा श्रीरामजीके धनुष् और बाणसे अच्छी प्रकार अङ्कित हों, जिसका शरीर द्वादश सुन्दर ऊर्ध्वपुंड्रोंसे सुशोभित हो, जिसके गलेमें तुलसी (कण्ठी अथवा हीरा) शोभायमान हो, जिसका नाम श्रीसीतारामजीके चरणकमलकी दासतापरक हो और जो पुरुष तारक मन्त्रराज षडक्षर श्रीराममन्त्रसे दीक्षित, हो वह पुरुष वैष्णव' है और सज्जनोसे पूजने योग्य है।

श्रीटीलाचार्यजी ने प्रबोधकलानिधक सप्तम श्लोक द्वारा वैष्णवों-के आचाररूप धर्म लक्षणोंको कहा है—"हृद्ये यद्हृदयाम्बुजे हि सदये सीतापती राजते भूतानां हितचिन्तको गुरुरतो साध्वर्चको धर्मवान्। सन्निष्ठो हरिवासरादिनिरतः श्रीरामसङ्कीर्तको रामाराधनतत्परः स पुरुषः पूज्यः सतां वैष्णवः ॥

अर्थ—जिस पुरुषके सुन्दर और दयायुक्त हृदयकमलमें भगवान् श्रीसीतानाथजी विराजते हों, जो प्राणियोंका हितचिन्तक हो, जो गुरुदेवमें अनुरागवाला हो, जो साधुओंका पूजक हो और धर्मवान्

Scanned by CamScanner

२–अर्थः

याागदानादिको धर्म इहामुत्र सुखप्रदः ।
अर्थेन क्रियते तस्मादर्थस्य पुरुषार्थता ॥ ११ ॥
गृहं च भोजनं पानं मानं वस्त्रादिकं तथा ।
प्राप्नुवन्त्यर्थयुक्ताहि सुहृदश्चाथ बान्धवान् ॥ १२ ॥
"आये दुःखं व्यये दुःखं तस्मान्नार्थः सुखावहः ।"
अर्थहीना वदन्त्येवं जना आलस्यसंयुताः ॥ १३ ॥
अर्जितव्यं ततोऽवश्यं वित्तं न्यायेन मानवैः ।

हो, जो पुरुष सत्पदवाच्य भगवान् श्रीरामजीमें निष्ठावाला हो अथवा जो सुन्दर निष्ठावाला हो या सन्तोंमें निष्ठावाला हो, जो एकादशी श्रीरामनवमी आदि भगवज्जयन्ती तथा श्रीरामानन्दजयन्ती आदि आचार्यजयन्ती इत्यादि व्रतों और उत्सवोंका करनेवाला हो, जो श्रीरामनामका सङ्कीर्त्तन करता हो और जो श्रीरामजीके आराधनमें तत्पर हो वह पुरुष वैष्णव है । वह सज्जनोंद्वारा पूजनीय है ॥१०॥

२–द्वितीय पुरुषार्थ अर्थ

इसलोक तथा परलोकमें सुख देनेवाला याग दान आदि धर्म अर्थ (वित्त) से किया जाता है अतः अर्थ भी पुरुषार्थ है ॥११॥

गृह भोजन पान (पेय पदार्थ) मान वस्त्रादि मित्र और बन्धुवर्गको अर्थयुक्त पुरुष ही प्राप्त करते हैं ॥१२॥

'अर्थके आयमें (उपार्जनमें) दुःख होता है और व्यय करनेमें भी दुःख होता है । इसलिये अर्थ (द्रव्य) सुख देनेवाला नहीं है, ऐसी बात तो अर्थहीन और आलसी लोग कहते हैं ॥१३॥

Scanned by CamScanner

अन्यायोपार्जितं वित्तं यतश्चाशु विनश्यति ॥ १४ ॥
रक्षायां धेनुदीनानां सेवायां देवदेशयोः ।
यागादिकेषु धर्मेषु देयश्चार्थः सुखार्थिभिः ॥ १५ ॥

३- कामः

पुरुषार्थः स कामो यः प्राणिभिरुपभुज्यते ।

इसलिये मनुष्योंको धन न्यायमार्गसे अवश्य उपार्जित करना चाहिये । क्योंकि अन्यायसे उपार्जित द्रव्य शीघ्र ही नष्ट हो जाता है ॥१४॥

अब न्यायोपार्जित धनकी उपयोगविधि कही जाती है—सुख चाहनेवालोंको गोरक्षामें और दीनरक्षामें धनको देना चाहिये, देव-सेवामें और देशसेवामें धनको देना चाहिये तथा यज्ञ इत्यादि धर्मोंमें धनको देना चाहिये ।

भगवान् श्रीरामजीने बनमें आये हुए भरतजीसे पूछा था कि—"देवतार्थे च पित्रर्थे ब्राह्मणाभ्यागतेषु च । योधेषु मित्रवर्गेषु कच्चिद् गच्छति ते व्ययः ॥ (वा० रा० १००।५५) अर्थ–देवोंके लिये पितरोंके लिये ब्राह्मणों तथा अभ्यागत साधु सन्तोके लिये योधाओंके लिये और मित्रवर्गोंमें तुम्हारे धनका खर्च होता कि नहीं ? अर्थात् उक्त कर्मोंमें तुम धन देते हो कि नहीं ? तात्पर्य यह है कि मनुष्यको स्वशक्तिके अनुसार उक्तकर्मोंमें धनको अवश्य खर्च करना चाहिये । भगवान्‌ने गीतामें कहा है कि "यज्ञो दानं तपश्चैव पावनानि मनीषि-णाम् ।" अर्थ-यज्ञ दान और तप मनुष्यको पवित्र करनेवाले हैं ॥१५

Scanned by CamScanner

अविदितो द्विधा कामः पुरुषैर्वेदवेदिभिः ॥ १६ ॥
तत्रैहलौकिकः कामश्चाद्यो जनधनादिषु ।
विषयानुभवोत्पन्नसुखात्मकः प्रकीर्तितः ॥ १९ ॥
स्वर्गादिकेषु लोकेषु क्षुत्पिपासादिकं विना ।
अनुसृत्य स्वपुण्यं हि पीयूषं विनिपीय च ॥ १८ ॥
अप्सरोभिः समं क्रीडज्जनानां पुण्यशालिनाम् ।
शब्दाद्यनुभवाज्जातश्चानन्दो लौकिकात्परः ॥ १९ ॥
तत्त्वज्ञैः कथितः कामश्चान्तिमः पारलौकिकः ।
उत्तमः प्रथमाच्चायं वेदवाक्येषु वर्णितः ॥ २० ॥

३–तृतीय पुरुषार्थ काम

प्राणी जिसका उपभोग करते हैं वह पुरुषार्थ 'काम' कहा जाता है। वैदिकविद्वानोने ऐहिककाम और परलौकिककामके भेदसे कामको दो प्रकारका कहा है ॥१६॥

उन दो प्रकारके कामोंमें इस लोकके जन धन इत्यादि विषयोंके अनुभवसे उत्पन्न हुआ सुख ही प्रथम अर्थात् 'ऐहिककाम' कहा गया है ॥१७॥

स्वर्गादि लोकोंमें अपने पुण्योंके अनुसार अमृतको पीकर भूख और प्याससे रहित हुये अप्सराओंके साथ रमण करते हुए पुण्यशाली पुरुषोंके शब्दादि विषयोंके अनुभवसे उत्पन्न हुए लौकिक आनन्दसे श्रेष्ठ आनन्दको तत्त्वज्ञानियोंने द्वितीय अर्थात् 'पारलौकिक-काम' कहा है। वेदवाक्योंमें यह अन्तिम काम प्रथम कामसे उत्तम रूपसे वर्णित है ॥१८॥१९॥२०॥

Scanned by CamScanner

४- कैवल्यम् ।

सुखस्वरूपमात्मानं जानन्तः प्रकृतेः परम् ।
ज्ञानस्य हि फलं त्वात्मानुभव इति निश्चिताः ॥ २१ ॥
कैवल्यस्य तु मन्यन्ते केचिच्च पुरुषार्थताम् ।
यतस्तत्र निवृत्तिर्हि दुःखानां लोकवर्त्तिनाम् ॥ २२ ॥
यस्मात् ते नावगच्छन्ति ह्यात्मनश्चेशशेषताम् ।
आराधयन्ति नो तस्माद् राघवं चात्मशेषिणम् ॥ २३ ॥
नित्यधामैकदेशे च गत्वाऽर्चिरादिना पथा ।
आत्मानुभूतिरूपा हि परेशानुभवं विना ॥ २४ ॥
कैवलानां स्थितिर्दुःखजरामरणवर्जिता ।
स्थितिः कान्तविहीनायाः कान्ताया हि यथा तथा ॥ २५ ॥

४-चतुर्थ पुरुषार्थ कैवल्य

कुछ लोग आत्माको प्रकृतिसे भिन्न और सुखरूप मानते हैं। वे लोग ज्ञानका फल आत्मानुभवमात्र मानते हैं ॥२१॥

वे लोग कैवल्य (आत्ममात्रके अनुभव)को फल मानते हैं। क्योकि कैवल्यमें लौकिक दुःखकी निवृत्ति हो जाती है ॥२२॥

'आत्मा ईश्वरका शेष है' इस बातको वे लोग नहीं जानते हैं। इसलिये वे लोग आत्माके शेषी भगवान् श्रीराघवेन्द्रका आराधन नहीं करते हैं ॥२३॥

मृत्युके अनन्तर वे लोग अर्चिरादिपथसे नित्यधामके एक प्रदेश में पहुँचते हैं। वहाँ पर उनके जरा(वृद्धत्व)मरण तथा सांसारिक दुःख निवृत्त हो जाते है। वहाँ पर वे लोग सुखरूप आत्ममात्रका ही अनुभव करते हैं। उस स्थितिमें उन्हें भगवदनुभव लेशमात्र भी प्राप्त

Scanned by CamScanner

९–मोक्षः

गुरुणा मन्त्रराजेन दीक्षितस्य महात्मनः ।
सीतानाथप्रपन्नस्य श्रीरामाराधकस्य हि ॥ २६ ॥
कर्मणि विलयं प्राप्ते भोगेन दैवसंज्ञके ।
विकारस्याश्रयस्याथ विरुद्धज्ञानकारिणः ॥ २७ ॥
स्थूलदेहस्य नाशे च ह्यर्चिरादिकमार्गतः ।
विरजां प्राप्य सूक्ष्मोऽथ देहश्चापि विसृज्यते ॥ २८ ॥
दिव्यदेहेन तेनाथ साकेते दिव्यधामनि ।
दिव्यासनसमासीनो दिव्यभूषणभूषित ॥ २९ ॥

नहीं होता है । उनकी वह स्थिति कान्तविहीन कान्ताकी स्थितिके समान है ॥२४॥२५॥

९–पञ्चम पुरुषार्थ मोक्ष

जो श्रीगुरूदेव द्वारा मन्त्रराज षडक्षर श्रीराममन्त्रसे दीक्षित होता है तथा श्रीजानकीनाथजीकी प्रपत्ति ग्रहण कर श्रीरामाराधनमें निरत रहता है उस महात्माके प्रारब्धकर्मके भोगद्वारा नष्ट होने पर विकारके आश्रय और विरुद्ध ज्ञान करनेवाले स्थूलदेहका नाश होता है । तदनन्तर वह सूक्ष्मशरीरसे अर्चिरादिपथसे ऊर्ध्वगमन करता है । प्रकृतिमण्डल और नित्यधामकी सीमारूप श्रीविरजानदीको प्राप्त हो कर वह रामभक्त महात्मा सूक्ष्मशरीरको भी त्याग देता है ॥२६॥ २७॥२८॥

फिर वह रामभक्त महात्मा दिव्यदेहको धारण कर आगे बढ़ता है दिव्यश्रीकुण्ठ और श्रीगोलोकधामोका क्रमशः पार करता हुआ दिव्य

Scanned by CamScanner

परेशो दिव्यदेहश्च सीतया सह शोभितः ।
रामोऽनुभूयते यत्र मोक्षनाम्नी हि सा स्थितिः ॥ ३० ॥

इत्युपनिषद्भाष्यकारपण्डितसम्राट्स्वामिश्रीवैष्णवाचार्य-वेदान्ततीर्थप्रणीतेऽर्थपञ्चके पुरुषार्थरूपार्थनिरूपणात्मकश्चतुर्थः परिच्छेदः ॥ ४ ॥

—::००::—

श्रीसाकेतधामको प्राप्त होता है जहाँ पर वह महात्मा जगज्जननी श्रीजानकीजीसे सुशोभित दिव्यसिंहासन पर विराजमान दिव्यदेहधारी दिव्यभूषणोसे विभूषित परमेश्वर श्रीरामजीका अनुभव करता है। जीवकी उस स्थितिको मोक्ष कहते हैं।

अर्चिरादिमार्गका तथा मोक्षके स्वरूपका वर्णन वृहद्ब्रह्मसंहिता, जगद्गुरु श्रीरामेश्वरानन्दाचार्यकृत श्रीरामप्राप्तियद्धति तथा आनन्द-भाष्यकार भगवान् श्रीरामानन्दाचार्यकृत श्रीआनन्दभाष्य और श्रीवैष्णवमताब्जभास्करमें बहुत सुन्दर वर्णित है। अधिक जाननेवालोंको उक्त साम्प्रदायिक ग्रन्थोको अवश्य देखना चाहिये ॥२९ ॥३०॥

इति पण्डितसम्राट्स्वामिश्रीवैष्णवाचार्यप्रणीतायामर्थप्रदीपिकायां फलनिरूपणात्मकश्चतुर्थः परिच्छेद ॥४॥

Scanned by CamScanner

पञ्चमः परिच्छेदः ।

विरोधिरूपार्थः ॥५॥

उक्ता विरोधिनः पञ्चसंख्याकास्तत्त्वदर्शिभिः ।
तेषां ज्ञानं हि तांस्त्यक्तुमर्जनीयं मुमुक्षुभिः ॥ १ ॥
अर्थस्याविदितस्यापि यतश्चार्जनसम्भवः ।
सर्वथा परिहारार्थं बोध्या विरोधिनस्ततः ॥ २ ॥
केचित्तु स्वस्वरूपस्य विरोधित्वेन सम्मताः ।
परे श्रीरामचन्द्रस्य परत्वस्य विरोधिनः ॥ ३ ॥
पुरुषार्थविरोधं च कुर्वन्त्यर्थास्तथा परे ।
उपायानां विरोधे च केचिदर्थास्तु तत्पराः ॥ ४ ॥
ब्रह्मणः परिपूर्णस्य परात्परस्य शार्ङ्गिणः ।

पञ्चमः परिच्छेदः

२–पांचवां विरोधिरूप अर्थ

तत्त्वदर्शी पुरुषोंने पाँच प्रकारके विरोधी अर्थ कहे हैं । उनका त्याग करनेके लिये ममुक्षु पुरुषोंको उनका ज्ञान अवश्य प्राप्त करना चाहिये ॥१॥

अविदित पदार्थका भी ग्रहण करना सम्भवित है । अतः उनका सर्वथा परिहार करनेके लिये विरोधियोंको जानना चाहिये ॥२॥

उन विरोधियोंमें से कोई स्वस्वरूपविरोधी हैं और कोई श्रीरामपरत्वविरोधी हैं ॥३॥

कोई फलविरोधी हैं तथा कोई उपायविरोधी हैं ॥४॥

कोई परात्पर तथा परिपूर्ण ब्रह्म शार्ङ्गधर भगवान् श्रीजानकी-

Scanned by CamScanner

श्रीमतो जानकीशस्य प्राप्तेर्विरोधिनः परे ॥ ५ ॥

१— स्वस्वरूपविरोधिनः ।

विरुद्धा स्वस्वरूपस्य देहादावात्मतामतिः ।
अनित्यत्व च देहादेरात्मनो नित्यता यतः ॥ ६ ॥
आत्मनश्चाप्यनित्यत्वे दोषद्वयं दुरुद्धरम् ।
कृतस्य विप्रणाशः स्यादकृतस्यागमस्तथा ॥ ७ ॥

नाथजीकी प्राप्तिके विरोधी हैं ॥५॥

१— स्वस्वरूपविरोधी

"मैं देहादि हूँ" इसप्रकारकी देहादिमें आत्मत्वबुद्धि स्वस्वरूप-विरोधिनी है । क्योकि देहादि अनित्य हैं और आत्मा नित्य है ॥६॥

देहादिके समान आत्माको भी अनित्य मानने पर दो दोष ऐसे आ पड़ते है जिनका उद्धार नहीं किया जा सकता है। उनमें से एक-का नाम है 'कृतविप्रणाश' और दूसरेका नाम है 'अकृताभ्यागम' ।

'स्वर्गकामो यजेत' (स्वर्गसुखकी इच्छावाला यागरूप धर्म करे) इत्यादि श्रुतियाँ मरणानन्तर स्वर्गसुख प्राप्तिके लिये यागरूपधर्मके करनेका विधान करती हैं । एक पुरुषने स्वर्गसुखकी प्राप्तिके लिये यज्ञरूप धर्म किया । मर जाने पर यदि उसके आत्माका (जीवका) नाश हो गया तो उसके किये हुए धर्मका भी नाश ही हुआ । क्योकि वह यज्ञरूप धर्म अपने कर्त्ताको स्वर्गसुख न दे सका । स्वर्गसुखप्रदत्व ही तो उस यज्ञरूप धर्मका स्वरूप है । वह नष्ट हो गया । यही 'कृतविप्रणाश' दोष है । यह दोष न हो इसलिये आत्माको नित्य ही मानते हैं । मृत्यु होनेके अनन्तर भी वह

Scanned by CamScanner

विभुनो धर्मभूतस्य ज्ञानस्य चात्मतामतौ ।
तदवस्थो विरोधः स्याच्छ्रौताणुत्वविरोधतः ॥ ८ ॥

यज्ञादिधर्म करनेवाला आत्मा रहता है और अपने किये हुए पुण्यकर्म के फल स्वर्गसुखको भोगता है । प्राकृत देहादिका नाश तो प्रत्यक्ष-वेद्य ही है । इसलिये प्राकृत देहादिको अनित्य मानते हैं ।

सिद्धान्तमें आत्माको नित्य मानते हैं । आत्माके पूर्वजन्मकृत कर्मोंका नाम ही प्रारब्ध है । उस प्रारब्धके अनुसार प्राणीको सुख तथा दुःख प्राप्त होते हैं । आत्माको अनित्य मानने पर आत्माका पूर्वजन्म नहीं माना जा सकता है । इसलिये उस आत्माके पूर्वजन्म-कृतकर्मरूप प्रारब्धको भी नहीं मान सकते हैं । तब तो यही मानना होगा कि प्राणीके सुख और दुःख उसके नहीं किये हुए अर्थात् अकृतकर्मों के ही फल हैं । यही 'अकृताभ्यागम' दोष है । परन्तु इस प्रकारका मानना तार्किकोंकी तर्ककसौटी पर सिद्ध नहीं हो सकता । क्यों अमुकजीव ही राजपुत्ररूपसे जन्म लेकर राज्यसम्पत्तिका अधिकारी होता है अन्य नहीं ? क्यों अमुकजीव ही जन्मान्ध होता है अन्य नहीं ? अतः देहादिमें की हुई आत्मत्वबुद्धि स्वस्वरूपविरोधिनी है ॥७॥

धर्मभूत ज्ञान अर्थात् बुद्धि विभुपरिमाणवाला अर्थात् व्यापक पदार्थ है । संसारावस्थामें वह कर्मवशात् प्रकृतिसंश्लिष्ट होनेसे संकुचित रहता है । योगाभ्याससे अथवा भगवत्-कृपा होनेसे वह व्यापक भी होता है । उस ज्ञानमें आत्मता-बुद्धि अर्थात् "मैं धर्मभूत ज्ञान (बुद्धि) हूँ" इसप्रकार मानने पर भी स्वस्वरूपविरोध बनाही रहता

Scanned by CamScanner

विहाय जानकीनाथं सर्वदं सर्वशेषिणम् ।
अन्यशेषत्वबुद्धौ हि स्वस्वरूपविरोधिता ॥ ९ ॥
सर्वेश्वरस्य रामस्य परतन्त्रस्य चात्मनः ।
स्वतन्त्रत्वमतो बोध्या स्वस्वरूपविरोधिता ॥ १० ॥

है । क्योंकि आत्माको विभु मानने पर "एषोणुरात्मा चेतसा वेदितव्यः" (मु. ३।१।९) (यह अणु आत्मा शुद्धमनसे जानने योग्य है ।) इस श्रुतिसे प्रतिपादित आत्माके अणुत्वका विरोध होता है ॥८॥

सर्वप्रदान करनेवाले तथा सर्वशेषी भगवान् श्रीजानकीनाथजी-को छोड़कर आत्मामें अन्यकी शेषता—बुद्धि करने पर अर्थात् 'रामभिन्नशेषोऽहम्' इसप्रकारकी बुद्धि करने पर भी स्वस्वरूपविरोध नामक दोष प्राप्त होता है । इसीलिये श्रीप्रह्लादजीने सर्व आपत्तियो को सहन किया परन्तु भगवान्से अतिरिक्त अपने पिताका भी शेषत्व स्वीकार नहीं किया है । इसीलिये श्रीलक्ष्मणजी अवधको त्यागकर भगवान् श्रीरामजीके साथ वनमें गये थे ॥९॥

सभी जीव सर्वेश्वर भगवान् श्रीरामजीके परतन्त्र हैं । ऐसा न मानकर यदि जीवकी स्वतन्त्रत्व—बुद्धि की जाय अर्थात् यदि जीव ऐसा माने कि 'मैं रामपरतन्त्र नहीं हूँ' तो भी स्वस्वरूपविरोध प्राप्त होता है । क्योंकि श्रुति भगवान्को "पतिं विश्वस्यात्मा" (भगवान् सर्वके स्वामी हैं और सर्वके आत्मा हैं ।) सर्वका स्वामी और आत्मा कहती है ।

"श्रीरामपरतन्त्रताको त्यागकर स्वतन्त्र होने पर स्वस्वरूपविरोध नामक दोष प्राप्त होता है" इसीलिये पिताकी आज्ञासे प्राप्त हुए

२—रामपरत्वविरोधिनः

रामातिरिक्तदेवेषु परत्वेऽभिमते सति ।
श्रीमद्रामपरत्वस्य विरोधो मुक्तिरोधकः ॥ ११ ॥
समत्वेऽङ्गीकृते रामे रामभिन्नसुरेषु च ।
रामचन्द्रपरत्वस्य विरोधो मुक्तिरोधकः ॥ १२ ॥

राज्यसिंहासनको त्यागकर श्रीभरतजी विकल होकर अग्निमें जलते हुएके समान भागकर बनमें भगवान् श्रीरामजीकी शरणमें गये थे । क्योंकि भगवत्परतन्त्रता विरहित स्वतन्त्रताकी अग्नि शरीरमात्रका ही नहीं किन्तु आत्माका भी विनाश कर सकती है । जगद्गुरु श्रीअनन्तानन्दजी महाराजके प्रशिष्य आचार्यपाद गोस्वामी श्रीतुलसीदासजी कविसम्राट्ने स्वरचित श्रीरामचरितमानसमें बहुत सुन्दर रीतिसे कहा है कि—"आपनि दारुण दीनता सबहिं कह्यौं समुझाय । देखे बिन रघुबीर-पद जियकी जरनि न जाय ॥" द्वारापीठाचार्य जगद्गुरु श्रीटीलाचार्यजी ने तो स्वरचित शिक्षासुधामें इसे अत्यन्त स्पष्ट कर दिया है कि—"भरत भाव-निधि जरत लखि निजवशतातप माहिं । 'टीला' रघुवर दीन-निधि दीन पादुका-छांहिं ॥" ॥१०॥

२—श्रीरामपरत्वके विरोधी

"इति रामपदेनासौ परं ब्रह्माभिधीयते ॥" इस रामतापनीयोपनिषद् के प्रमाणसे श्रीरामजी सर्वसे पर उपास्य देव हैं । इसलिए श्रीरामभिन्न देवोंमें परत्व मानने में श्रीरामपरत्वका विरोध होता है । वह मुक्ति का अवरोधक है ॥११॥

"न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नाम महद्यशः ।" (यजुर्वेद)

Scanned by CamScanner

रामादन्येषु देवेषु स्वोद्धर्तृत्वे च सम्मते ।
सीतानाथपरत्वस्य विरोधो मुक्तिरोधकः ॥ १३ ॥
श्रीरामाद्यवतारेषु मनुष्यत्वादिके मते ।
राघवस्य परत्वस्य विरोधो मुक्तिरोधकः ॥ १४ ॥
अशक्तौ स्वीकृतायां च रामार्चाविग्रहे तथा ।
श्रीरामस्य परत्वस्य विरोधो मुक्तिरोधकः ॥ १५ ॥

३–पुरुषार्थ विरोधी

सर्वशक्तेश्च सर्वेषामात्मनः सर्वशेषिणः ।
सर्वानन्दप्रदातुश्च सर्वेषां शक्तिदायिनः ॥ १६ ॥

अर्थ– जिसके नामका महान् यश है उसकी समता नहीं है। तथा "न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते" अर्थ– उस ईश्वरके समान तथा उससे अधिक कोई नहीं है। इत्यादि शास्त्रोंके प्रमाणसे परमेश्वर भगवान् श्रीरामजीके समान अन्य कोई भी नहीं है। अतः श्रीरामजी में और श्रीरामभिन्न देवोंमें समानताके अङ्गीकार करने पर रामपरत्वका विरोध होता है। वह मुक्तिका अवरोधक है ॥१२॥

रामातिरिक्तदेवोंको अपना उद्धार करनेवाला मानने पर श्रीसीतानाथके परत्वका विरोध होता है। वह मुक्तिका अवरोधक है ॥१३॥

श्रीरामजीके श्रीरामादि अवतारोंको मनुष्य आदि मानने पर श्रीरामपरत्वका विरोध होता है। वह मुक्तिका अवरोधक है ॥१४॥

श्रीराममूर्तिमें शक्ति न मानने पर श्रीरामपरत्वका विरोध होता है। वह मुक्तिका अवरोधक है ॥१५॥

३– पुरुषार्थ-विरोधी

श्रीरामजी सर्वशक्तिमान् सर्वात्मा सर्वशेषी, सर्वानन्द-प्रदाता तथा सबके शक्तिदाता हैं ॥१६॥

Scanned by CamScanner

सर्वस्य जगतो जन्मरक्षासंहारकारिणः ।
सर्वज्ञस्य कृतज्ञस्य धर्मिणो यज्ञरूपिणः ॥ १७ ॥
सर्वशरीरिणो दिव्यगुणाब्धेर्दिव्यदेहिनः ।
दिव्यायुधधरस्याथ दिव्यसाकेतवासिनः ॥ १८ ॥
जानकीस्वामिनः पूर्णब्रह्मणो मुक्तिदायिनः ।
श्रीमतो रामचन्द्रस्य पादपद्मस्य सेवनम् ॥ १९ ॥
विहायान्यपदार्थेच्छा पुरुषार्थविरोधिनी ।
श्रीमद्राघवकैङ्कर्यानीहाऽपि तादृशो मता ॥ २० ॥

४—उपायविरोधिनः

कथितोपायभिन्नेषूपायेषु श्रेष्ठतामतौ ।
मता चोपायमर्मज्ञैरुपायानां विरोधिता ॥ २१ ॥
कर्मज्ञानेशभक्त्यादेरुपायानां च लाघवे ।

वे सर्व जगत्‌की सृष्टि रक्षण और संहारके कर्त्ता सर्वज्ञ कृतज्ञ धर्मात्मा और यज्ञस्वरूप हैं ॥१७॥

वे सर्वशरीरी दिव्यगुणोंके समुद्र दिव्य देहवाले दिव्यायुध धारण करनेवाले तथा दिव्य साकेत धामवासी हैं ॥१८॥

वे जगज्जननी श्रीजानकीजीके स्वामी पूर्णब्रह्म तथा मुक्तिदाता हैं। उन श्रीरामजीके पादपद्मकी सेवाको छोड़ कर अन्य पदार्थोंकी इच्छा करना फल विरोधी है। तथैव श्रीरामजीके कैङ्कर्य करनेकी अनिच्छा भी फलविरोधिनी है ॥१९॥२०॥

४— उपाय-विरोधी

पूर्वमें कथित कर्म ज्ञान भक्ति आदि पञ्च उपायोंसे अतिरिक्त उपायोंको श्रेष्ठ मानना उपायविरोधी है ॥२१॥

तथैव कर्म ज्ञान भक्ति आदि पञ्च उपायोंको लघु मानना भी

Scanned by CamScanner

अङ्गीकृतेऽप्युपायानां विरोधा जायते तथा ॥ २२ ॥
निमित्तस्य हि विश्वस्योपादानस्य तथैव च । २३ ॥
हेयप्रतिभटस्याथ कल्याणगुणवारिधेः ॥ २४ ॥
उपेयस्याखिलेशस्य रामस्य जानकीपतेः ।
प्राप्तेरशक्यताज्ञाने चोपायानां विरोधिता ॥ २४ ॥
उपायानां विरोधित्वं गर्वस्यापि यतस्ततः ।
विद्यावित्तबलादेश्च गर्वः कार्यो न कर्हिचित् ॥ २५

५–प्राप्तिविरोधिनः ।

भगवन्मन्दिरे ये च यानेन गमनादयः ।
भगवतोऽपचारास्ते रामप्राप्तेर्विरोधिनः ॥ २६ ॥

उपाय विरोधी है ॥२२॥

भगवान् श्रीरामजी सर्वजगत्के अभिन्न निमित्तोपादान कारण हैं। अर्थात् भगवान् रामजी ही जगत्के निमित्तकारण हैं और वे ही जगत् के उपादान (मूल) कारण भी हैं। वे समस्त हेय पदार्थोंके (दोषोंके) विरोधी, कल्याणगुणोके सागर तथा प्राप्य हैं। "उन सर्वेश्वर श्रीजानकीनाथ श्रीरामजीकी प्राप्ति सर्वथा अशक्य है।" इस प्रकारसे मानना उपायविरोधी है ॥२३॥२४॥

गर्व (अभिमान) भी कर्मज्ञानादि उपायोका विरोधी है। इसलिये विद्या वित्त तथा बल आदिका गर्व कभी नहीं करना चाहिए ॥२५॥

५– प्राप्ति-विरोधी

अब भगवत्प्राप्तिविरोधी कहे जाते हैं–– भगवान्के मन्दिरमें पालकी आदि सवारीसे गमन करना आदि भगवान्के अपचार (अपराध) हैं। जैसे सवारीसे भगवन्मन्दिरमें जाने पर भगवदपचार होता

ये च श्रीरामभक्तानां जातिनिरूपणादयः ।
भागवतापचारास्ते रामप्राप्तेर्विरोधिनः ॥ २७॥

है वैसे ही पादुका पहिनकर भगवन्मन्दिरमें जाने पर भगवदपचार होता है। यहाँ पर आदि शब्द से अवशिष्ट ३१ भगवदपचारोंको जानना चाहिये। भगवदपचार ३२ हैं-- १- भगवान्के मन्दिरमें सवारीमें बैठकर या पादुका धारण कर जाना २- दीपोत्सवमें भगवान्के आगे बाजा बजाना। ३- जूठे मुहसे वन्दन करना। ४- एक वस्त्र धारण कर प्रणाम करना ५- एक हाथसे वन्दन (सलाम) करना। ६- भगवान्के शयनके पश्चात् प्रदक्षिणा करना। ७-८-९ भगवानके सन्मुख लाठी गिराना, पानखाना तथा पद फैलाना। १० पलँग परसे भगवानको नमस्कार। ११-१२-१३-१४-१५-१६-१७-१८-१९-२०-२१- भगवानके सन्मुख शयन, भोजन, असत्यभाषण, कोलाहल, परस्परभाषण, रोदन, विग्रह, निग्रह अनुग्रह, मिष्टभाषण तथा क्रूरभाषण करना २२-२३- भगवानके सामने पीठ करना तथा अन्यका वन्दन करना। २४-२५-२६ गुरुदेवके बुलाने पर न बोलना, स्वस्तुतिकरना तथा देव ब्राह्मण और भक्तकी निन्दा करना। २७- कम्बलसे पर्दा करना। २८- परनिन्दा। २९- परस्तुति। ३०- अश्लील (गाली) बोलना। ३१- अपानवायु छोड़ना ३२- वर्त्तमान ऋतुमें उत्पन्न फलादिकों का भगवदर्पण न करना ये ३२ अपचार श्रीराम प्राप्तिके विरोधी हैं ॥२६॥

श्रीरामभक्तोंकी जातिका निरूपण करना इत्यादि भागवत

Scanned by CamScanner

गुरो रामस्य भक्तानां येऽपमानादयश्च हि ।
असह्या अपचारास्ते रामप्राप्तेर्विरोधिनः ॥ २८ ॥
प्रारब्धस्योपभोगार्थं देहस्य प्राकृतस्य हि ।
सम्बन्धो राघवप्राप्तेर्विरोधी मन्यते बुधैः ॥ २९ ॥
अभक्ष्यभक्षणं हिंसा परस्त्रीहरणादिकम् ।
अकृत्यकरणं यत् तद् रामप्राप्तेर्विरोधकम् ॥ ३० ॥
ज्ञात्वाऽर्थपञ्चकं कुर्यात् प्राप्यप्राप्तौ त्वरां नरः ।
प्रापकेऽध्यवसायं च तथा भयं विरोधिनि ॥ ३१ ॥
स्वदेहे रामभिन्नेषु विषयेष्वरुचिं तथा ।
स्वरक्षणस्य चाशक्तिं स्वस्मिन् सदाऽनुवर्तयन् ॥ ३२ ॥
उपायमवलम्ब्याथ सद्गुरुं च कृपानिधिम् ।
सतां च सङ्गतिं कुर्वन् सीतानाथं प्रसादयेत् ॥ ३३ ॥

अपचार कहे जाते हैं । वे श्रीरामप्राप्तिके विरोधी हैं ॥२७॥

गुरुदेव, भगवान् राम तथा भक्तोंके अपमान आदि असह्य अपचार हैं । वे रामप्राप्तिके विरोधी हैं ॥२८॥

प्रारब्ध कर्म अर्थात् पूर्वजन्मकृतकर्मोंके फलोंके उपभोगके लिये प्राकृत पदार्थोंसे उत्पन्न शरीरके सम्बन्धको भी विद्वान् लोग रामप्राप्तिका विरोधी मानते हैं ॥२९॥

मांसादि अभक्ष्य पदार्थोंका भक्षण, हिंसा तथा परस्त्रीहरण आदि अकृत्य कर्मोंका करना भी रामप्राप्तिका विरोधी है ॥३०॥

मनुष्यको चाहिये कि वह इस प्रकारसे अर्थपञ्चकको जानकर प्राप्य भगवान् श्रीरामजीकी प्राप्तिमें शीघ्रता, प्रापक जीवात्माका निश्चय तथा विरोधी पदार्थोंसे भय करे एवं स्वदेहमें तथा रामभिन्न विषयोंमें अरुचि करे । अपने रक्षणकी अशक्तिका अपनेमें सदा अनु-

वैष्णवभाष्यकारश्रीवैष्णवाचार्यनिर्मितम् ।
अर्थपञ्चकमेतद्धि भूयाच्छ्रीरामतोषकम् ॥ ३४ ॥

इत्युपनिषद्भाष्यकारपण्डितसम्राट् स्वामिश्रीवैष्णवाचार्य वेदान्ततीर्थ प्रणीतेऽर्थपञ्चके विरोधिरूपार्थनिरूपणात्मकः पञ्चमः परिच्छेदः ॥५॥

समाप्तमर्थपञ्चकम् ।

सन्धान करता हुआ कथित उपायोंका तथा कृपानिधि सद्गुरुका अवलम्बन करके सन्तोंकी सङ्गति करता हुआ भगवान् श्रीसीतानाथजीको प्रसन्न करे ॥३१॥३२॥३३॥

वैष्णवभाष्यकार पण्डितसम्राट् स्वामी श्रीवैष्णवाचार्यद्वारा निर्मित यह अर्थपञ्चकनामक ग्रन्थ भगवान श्रीरामजीको सन्तुष्ट (प्रसन्न) करे ॥३४॥

इत्युपनिषद्भाष्यकारपण्डितसम्राट् स्वामिश्रीवैष्णवाचार्यवेदान्ततीर्थनिर्मितायामर्थप्रदीपिकायां पञ्चमः परिच्छेदः ॥५॥

श्रीरामो विजयतेतराम् ।
भगवते श्रीबोधायनाय नमः ।

जगद्गुरु श्रीगङ्गाधराचार्यप्रणीता

साधनदीपिका

सीतानाथसमारम्भां वादरायणमध्यमाम् ।
बोधायनाख्यगुर्वन्तां वन्दे गुरुपरम्पराम् ॥ १ ॥

जगद्गुरु श्रीगङ्गाधराचार्यजी महाराज कहते हैं कि श्रीसीतानाथ भगवान् श्रीरामजीसे आरम्भ हुई और श्रीवादरायणजी (श्रीव्यासजी) जिसके मध्यमें हैं उस निजगुरु बोधायननामक जगद्गुरु श्रीपुरुषोत्तमाचार्यजी पर्यन्तकी गुरुपरम्पराको मैं (श्रीगङ्गाधराचार्य) वन्दन करता हूँ ॥ १ ॥

रामस्य ब्रह्मणोऽनन्यभक्त्यैव मुक्तिराप्यते ।
भक्तिर्ध्रुवा स्मृतिः सा च विवेकादिकसप्तकात् ॥ २ ॥

परब्रह्म भगवान् श्रीरामजीकी अनन्य भक्तिसे ही मुक्ति मिलती है। ध्रुवा स्मृति अर्थात् तैलधाराके समान अखण्ड श्रीरामस्मरण ही 'भक्ति' है। और वह भक्ति विवेक इत्यादि सात साधनोंसे उत्पन्न होती है ॥ २ ॥

जात्याश्रयनिमित्तैर्यद् दुष्टमन्नं भवेन्न हि ।
तस्माद् देहस्य संशुद्धिर्विवेकः कथ्यते बुधैः ॥ ३ ॥

जो अन्न जाति, आश्रय और निमित्त इन दोषोंसे दुष्ट न हो

उससे देहकी संशुद्धिको पण्डित लोग 'विवेक' नामवाला भक्तिका प्रथम साधन कहते हैं ॥ ३ ॥

शब्दरूपरसस्पर्शगन्धेषु विषयेषु यः ।
अनादरः स तत्त्वज्ञैर्विमोकः परिकीर्त्तितः ॥ ४ ॥

शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध नामक पाँच विषयोंका अनादर ही तत्त्वज्ञानियों द्वारा 'विमोक' नामवाला भक्तिका दूसरा साधन कहा गया है ॥ ४ ॥

शुभाश्रयस्य यच्चात्र संशीलनं पुनः पुनः ।
अभ्यासः साधनं तद्धि योगध्यानोपकारकम् ॥ ५ ॥

भगवान्के दिव्यविग्रहको 'शुभाश्रय' कहते हैं । श्रीरामजीके दिव्यविग्रहका वारंवार संशीलन (सम्यक्चिन्तन) ही योगध्यानोपकारक 'अभ्यास' नामवाला तीसरा भक्तिसाधन है ॥ ५ ॥

यथाशक्ति हि पञ्चानां यज्ञानां महतां तथा ।
आश्रमान्तरधर्माणामनुष्ठानं क्रिया मता ॥ ६ ॥

शक्तिके अनुसार पाँच महायज्ञों और अन्य आश्रमोंके धर्मोंके करनेको 'क्रिया' नामवाला चौथा भक्ति-साधन माना गया है ॥ ६ ॥

अहिंसा चानभिध्या च सत्यार्जवे तथा दया ।
दानं चैतानि कल्याणतयाऽऽम्नातानि सूरिभिः ॥ ७ ॥

अहिंसा (मन वचन और कायासे किसीको पीड़ा न देना) परायी वस्तुके लेनेका सङ्कल्प नहीं करना, सत्य बोलना, सरलता

(कुटिलता न करना) दया तथा दान इनको विद्वान् पुरुषोंने 'कल्याण' नामवाला भक्तिका पाँचवां साधन कहा है ॥ ७ ॥

शोकभीतिनिमित्तेनावसादश्चित्तदीनता ।
तदभावो हि सम्प्रोक्तोऽनवसादो महात्मभिः ॥ ८ ॥

शोक और भयसे होनेवाली चित्तकी दीनताको अवसाद कहते हैं। अवसादके अभावको (चित्तकी दीनताके अभावको) महात्माओंने 'अनवसाद' नामक भक्तिका छठा साधन कहा है ॥ ८ ॥

उद्धर्षः खलु सन्तोषोऽनुद्धर्षस्तद्विपर्ययः ।
शोकवच्चातिसन्तोषे मनःशैथिल्यहेतुता ॥ ९ ॥

अतिसन्तोषको उद्धर्ष कहते हैं। उद्धर्षके अभावको 'अनुद्धर्ष' कहते हैं। यह भक्तिका सातवां साधन है। शोकके समान अतिसन्तोष भी मनकी शिथिलताका कारण है ॥ ९ ॥

पुरुषोत्तमशिष्यश्रीगङ्गाधरार्यनिर्मिता ।
अज्ञानध्वान्तहृद् भूयादेषा साधनदीपिका ॥ १० ॥

बोधायनवृत्तिकार जगद्गुरु श्रीपुरुषोत्तमाचार्यजी बोधायनके शिष्य जगद्गुरु श्रीगङ्गाधराचार्यजी निर्मित यह **साधनदीपिका** अज्ञानान्धकारका हरण करनेवाली हो ॥ १० ॥

शुद्धिपत्रम्

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२	९	पञ्चधाभि	मत्या पञ्च
,,	२२	वैष्णवत्व	स्वज्ञानद्वारा वैष्णवत्व
३	४	गता	गताः
११	९	उपासना करके	उपासना न करके
,,	२०	कार्दचित्क	कादाचित्क
,,	२२	दुःखः	दुःख
१६	३	साके	साकेते
,,	९	मनो	मनोहरः
१७	६	विभवा	विभवो
२०	१४	पद्मनाम	पद्मनाभ
२९	१०	साधन चन्द्रिका	साधनदीपिका
३१	१५	राज्यपद्धतिः	राजपद्धतिः
३२	१९	की ही जाती	की जाती
,,	२१	निष्ट	निष्ठ
३३	१०	मेदोंबाली	मेदोंवाली
,,	१९	वह	वे
३७	१८	द्वश	दश
३८	२	मरणादनु	मरणेप्यनु
३९	१५	निधक	निधिके
४५	१२	यद्धति	पद्धति
४६	५	मर्जनीय	मर्जनीयं

Scanned by CamScanner

वेदान्तपीठाधीश स्वामिश्रीवैष्णवाचार्यप्रणीताः प्रबन्धाः

१-प्रश्नोपषिदो वैष्णवभाष्यं भाषाभाष्यं च		१-५०
२- मानरत्नावली मयूखसहिता ब्रह्मसूत्रार्थसंग्रहश्च		१-५०
३- सटीकं सिद्धान्तपञ्चकं मूलभक्तमालसहितम्		०-५०
४- अर्थपञ्चकम् अर्थप्रदीपिकासहितम्		०-७५
५- श्रौतसिद्धान्तचालीसा गुजराती अथवा हिन्दी		०-२५
६- भक्तिवादो विजयमालासहितः प्रश्नोत्तरशतकंचयन्त्रस्थ		
७—अधिकरणरत्नमाला प्रकाशसहिता		"
८—प्रमेयपरिशोधिनी सिद्धान्तसिद्धिसहिता		"
९- द्वाराचार्यस्तोत्रावली श्रीरामानन्दसन्देश में मुद्रित		
१०- स्तोत्रकुसुमाञ्जलिः १२५स्तोत्र	अमुद्रित	
११—श्रीवैष्णवालङ्कारभाष्यम्	यन्त्रस्थ	
१२- शिक्षाकलानिधिः	"	
१३- छन्दःप्रदीपिका ज्योतिःसहिता	"	
१४ श्रीवैष्णवशिक्षामृतम्	"	
१५- चालीसापञ्चकम्	"	
१६—श्रीबोधायनकथामृतम् (हिन्दी)	"	

पण्डितसम्राट् स्वामी श्रीवैष्णवाचार्य
वणदेवड़ी—राममन्दिर
शारंगपुर दर्वाजा बाहर
अहमदाबाद—२

Scanned by CamScanner